आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 173 | हापुड़, गुरुवार 09 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

# छात्रसंघ की बजाय युवा संसद को करना चाहिए प्रोत्साहित- योगी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में परम्परागत छात्रसंघ की बजाय युवा संसद को प्रमोट करना चाहिए, जिससे नई पीढ़ी को आगे बढ़ाया जा सके। अपने सरकारी आवास पर 28 वें युवा उत्सव-2025 में उत्तर प्रदेश के प्रतिभागी दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर उन्होने कहा युवाओं को संवाद में माहिर होने का मंत्र दिया और कहा कि सार्वजनिक जीवन में संवाद की कला अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजनेता वही सफल हो सकता है, जिसमें संवाद की कला हो। यदि वह संवाद में माहिर नहीं है तो सफल राजनेता नहीं हो सकता है। श्री योगी ने कहा कि यह देखना होगा, हम जिस भी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, उसमें युवाओं की क्या भूमिका होगी। नेतृत्व का गुण, समाज और अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के प्रति संवेदना होनी चाहिए। कोई भी राजनेता, प्रशासन, पुलिस अधिकारी, अन्नदाता किसान, प्रगतिशील किसान, युवा उद्यमी समेत किसी भी क्षेत्र में कार्य करे, लेकिन उसके मन में राष्ट्रीयता, मातृभूमि के लिए प्यार, जनता व नागरिकों के प्रति संवेदना नहीं है तो उसकी प्रगति का कोई मायने नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 जनवरी की तिथि युवा उत्सव के रूप में आती है, क्योंकि यह युवा ऊर्जा के धनी व वैश्विक पटल पर भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व युवा शक्ति को पहचान दिलाने वाले स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती है। पीएम मोदी की प्रेरणा से पिछले कई वर्षों से युवा उत्सव का कार्यक्रम दिल्ली में होता है। इसमें अनेक कार्यक्रमों में भागीदार बनकर युवाओं को पूरे देश को जानने-सीखने का अवसर प्राप्त होता है। इस वर्ष प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री का सानिध्य व संवाद का क्षण भी प्राप्त होगा। उन्होने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सामने कुछ लक्ष्य रखे थे। इसमें विकसित भारत भी था। विकसित भारत में युवाओं की ऊर्जा कैसे सहायक हो सकती है। सीएम ने युवाओं से कहा कि 22/23 साल




बाद जब देश शताब्दी वर्ष मना रहा होगा, तब आप भी अलग-अलग क्षेत्र में कार्य कर रहे होंगे। तब ध्यान रखना होगा कि उस समय कैसा भारत चाहिए, उस भारत के निर्माण की कार्ययोजना में कौन कौन से पहलू होंगे। जिन्हें हम आगे बढ़ाकर लेकर चल सकते हैं। विकसित भारत में युवाओं की भी क्या भूमिका होगी, इसे भी हमें देखना होगा। उन्होने कहा 63 युवा उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करके राष्ट्रीय महोत्सव का हिस्सा बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश के विकास व विरासत की इस यात्रा में युवा भी सहभागी बने हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने पिछले सात-आठ वर्ष में विकास की यात्रा को तेजी से आगे बढ़ाया है। 10 वर्ष पहले लोग खुद को उत्तर प्रदेश का वासी कहने में संकोच करते थे। यहां सुरक्षा नहीं, बल्कि दंगा, अराजकता व गुंडागर्दी थी। उप्र आबादी में नम्बर एक लेकिन विकास के पायदान पर पीछे था,अर्थव्यवस्था में छठवें-सातवें पायदान पर था। उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में पिछड़ा था, लेकिन सात-आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में खड़ा है। इसके पीछे की सफलतम कहानी को जिन्होंने नजदीक से देखा है, वे वर्तमान व भावी पीढ़ी को अवगत कराएं, जिससे उन्हें भी प्रगति के सही मानक की जानकारी हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि युवा उत्तर प्रदेश की अमिट छाप को छोड़ने में सफल होंगे। उत्तर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट की प्राचीन विधा (जो कौशल विकास का अद्भुत उदाहरण था) उसे भी प्रस्तुत करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट वह नहीं है, जो केवल आज हम देख रहे हैं, स्किल डेवलपमेंट वह भी था, जिसने कभी मुरादाबाद को ब्रास, अलीगढ़ को हार्डवेयर, फिरोजाबाद को ग्लास, लखनऊ को चिकन कारी, मेरठ को स्पोर्ट्स आइटम, भदोही की कालीन, सहारनपुर को वुडन वर्क, वाराणसी के रेशम वस्त्र को मौका दिया। ये सभी प्राचीन विरासत के प्रतीक हैं, जिसे सरकार वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के रूप में प्रमोट कर रही है। कौशल विकास की इस विधा को हम विरासत के रूप में आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, अमरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# नदियों के बहाव से छेड़छाड़ करना पर्यावरणीय अपराध है- अखिलेश



लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रयागराज में गंगा नदी से गाद निकालने की कवायद पर कटाक्ष करते हुए बुधवार को कहा कि नदियों के बहाव से छेड़छाड़ करना ''पर्यावरणीय अपराध'' है। यादव ने यह भी कहा कि इस कवायद का मकसद केवल अपने लोगों को ठेका देना और उनके जरिए ''भ्रष्टाचार से पैसा'' कमाना है। सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''इतिहास गवाह रहा है कि नदियां अपने मार्ग को स्वयं बनाकर चलती हैं। ये प्राकृतिक बहाव नदियों की निरंतरता के लिए, अपने आप बनाया हुआ रास्ता होता है। इस भौगोलिक सत्य को स्वीकार करते हुए, नदियों के बहाव से छेड़छाड़ करना पर्यावरणीय अपराध है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''प्रयागराज महाकुम्भ में गंगा जी में 'ड्रेजर मशीन' लगाने का मकसद केवल अपने लोगों को ठेका देना और उनके जरिए भ्रष्टाचार से पैसा कमाना है।'' उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''नदियां किस जगह आकर मिलेंगी, ये प्रकृति पर छोड़ देना चाहिए, उसके लिए मनमानी करना और जबरदस्ती करके बहाव को बदलना अनुचित भी है और अवांछनीय भी।'' उन्होंने कहा, ''ऐसा करने से गंगा जी के जल-जीव-जंतु की जैविकी और प्राकृतिक पारिस्थितिक संतुलन पर बुरा असर होगा।''

## पीएम नरेंद्र मोदी जल्द कश्मीर में जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे




श्रीनगर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे और श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे। सुरंग के माध्यम से सोनमर्ग तक हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी 13 जनवरी को यहां आएंगे और जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे। यह सुरंग गगनगीर से सोनमर्ग तक रोड को बाईपास करेगी, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को पूरे साल हिल स्टेशन पर आने की सुविधा मिलेगी। गगनगीर-सोनमर्ग खंड भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण बंद हो जाता है, जो हर साल इस क्षेत्र में होता है। जेड-मोड़ सुरंग जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में गगनगीर और सोनमर्ग के बीच 6.5 किलोमीटर लंबी 2-लेन वाली सड़क सुरंग है। पहले जो रोड उपयोग में थी, वह हिमस्खलन से प्रभावित थी और अक्सर कई महीनों तक बंद हो जाती थी। लेकिन जेड-मोड़ सुरंग सोनमर्ग पर्यटक शहर को सभी मौसमों में जोड़ने वाली सुविधा प्रदान करती है। इस 6.5 किलोमीटर लंबी सुरंग को पार करने में केवल 15 मिनट लगते हैं, जबकि पहाड़ियों पर ऊपर-नीचे टेढ़े-मेढ़े रास्ते से यात्रा करने में घंटों लगते थे। साथ ही यह, पास की जोजी-ला सुरंग के साथ, श्रीनगर-लेह हाईवे पर यह भू-रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सुरंग बालटाल (अमरनाथ गुफा), कारगिल और लद्दाख क्षेत्र के अन्य स्थानों को साल भर मौसम-रहित कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इससे सैन्य रसद में भी वृद्धि होगी और पर्यटन तथा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। सोनमर्ग को सभी मौसमों में कनेक्टिविटी प्रदान करने के अलावा, यह सुरंग स्थानीय युवाओं को रोजगार देने में मदद करेगी और क्षेत्र में पर्यटन तथा संबद्ध गतिविधियों को बढ़ावा देगी। यह 31 सड़क सुरंगों में से एक है, जिनमें से 20 जम्मू-कश्मीर में और 11 लद्दाख में हैं। सुरंग का निर्माण 2018 में शुरू हुआ था।

20 अक्टूबर 2024 को सुरंग के कर्मचारियों पर आतंकवादी हमला हुआ था।

दो आतंकवादी गगनगीर में श्रमिकों के शिविर में घुसे और अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इस हमले में जेड-मोड़ सुरंग का निर्माण कर रही इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के छह गैर-स्थानीय श्रमिकों सहित सात नागरिक मारे गए थे। इस हमले में एक स्थानीय डॉक्टर की भी मौत हो गई थी।

## महाराष्ट्र के बीड में एक पुलिसकर्मी ने की खुदकुशी

छत्रपति संभाजीनगर । महाराष्ट्र के बीड जिले में बुधवार को पुलिस विभाग में कार्यरत 34-वर्षीय एक कर्मी ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया यह सामने आया है कि यह कर्मी बीड के पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में काम करता था और वित्तीय परेशानियों से घिरा था तथा वह हाल में उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा देने के बाद से तनाव में था। शिवाजीनगर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि अनंत इंगले नामक इस कर्मी ने बीड में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप एक पेड़ पर फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है।

## तनिष्क ज्वैलर्स में ग्राहक बनकर आई महिलाओं ने उड़ा दिये कीमती जेवर

भोपाल । एमपी नगर थाना इलाके में स्थित नामी मॉल में स्थित तनिष्क ज्वैलर्स में ग्राहक बनकर आई महिलाए मौका पाकर जेवरात चोरी कर चंपत हो गई। महिला के साथ एक पुरुष भी था। घटना में करीब 20 दिन बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डीबी मॉल स्थित तनिष्क ज्वैलर्स में बीती 15 दिसंबर को एक पुरुष के साथ आई दो महिलाओ ने सोने के गहने दिखाने को कहा। थोड़ी देर तक गहने देखने के बाद पंसद न आने की बात कहते वह बिना कुछ लिये ही शो रुम से वापस चले गए थे। उनके जाने के बाद जब गहनों का मिलान किया गया तो उसमें एक अंगूठी गायब मिली। जब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किय गये तो पता चला ग्राहक बनकर आई महिलाओं ने ही कर्मचारियों से चोरी छिपे जेवरात पर हाथ साफ किया था। थाना पुलिस का कहना है, कि दुकान से एक सोने की अंगूठी चोरी हुई है, जिसकी कीमत अभी नहीं बताई गई है। और पुलिस को मामले की सूचना कई दिनों बाद दी गई। जॉच के आधार पर मामला कायम कर पुलिस फुटेज के आधार पर अज्ञात महिलाओं और पुरुष की पहचान जुटाने के प्रयास कर रही है।

## प्रियंका गांधी का तंज- भाजपा नेता बिधूड़ी ने अपने गाल के बारे में कुछ नहीं कहा

नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा उनके बारे में की गई टिप्पणी को ''हास्यास्पद करार दिया और कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान ऐसे अप्रासंगिक विषयों के बजाय महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। वायनाड से लोकसभा सदस्य ने एक साथ चुनाव संबंधी विधेयकों पर विचार कर रही संसदीय समिति की बैठक से बाहर निकलते समय संवाददाताओं से बातचीत में कटाक्ष किया, ''उन्होंने (बिधूड़ी) अपने गाल के बारे में कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा, यह एक ''हास्यास्पद टिप्पणी है और ''यह सब अप्रासंगिक है। प्रियंका गांधी ने कहा, ''दिल्ली में चुनाव हो रहे हैं। महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बिधूड़ी ने पिछले दिनों कहा था कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस नेता 'प्रियंका गांधी के गालों जैसी सड़कें बनवाएंगे। विवाद खड़ा होने के बाद बिधूड़ी ने टिप्पणी को लेकर खेद व्यक्त किया था।

## झपटे गए मोबाइल फोन समेत दो बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली । गांधी नगर पुलिस ने वारदात के बाद कुछ ही घंटों के अंदर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि इनके कब्जे से झपटा गया मोबाइल फोन व वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद कर लिया गया है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान मोहम्मद जायेद व मोहम्मद उमर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, गत तीन जनवरी को गांधी नगर पुलिस को पुस्ता रोड पर मोबाइल झपटने की पीसीआर कॉल मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह गीता कॉलोनी की ओर जा रहे थे कि तभी पीछे से आए दो स्कूटी सवार बदमाश उनका आईफोन झपटकर भाग गए। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की और 50 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाली। फुटेज से आरोपियों की स्कूटी की पहचान करने के बाद उसके मालिक के बारे में पता लगाकर पुलिस ने तत्काल स्कूटी मालिक जुनैद को पकड़कर पूछताछ की। उसने पुलिस को बताया कि वारदात के समय उसके दोस्त जायेद ने उसकी स्कूटी ली थी। बाद में उसकी निशानदेही पर पुलिस ने जायेद के अलावा रिसीवर उमर को भी गिरफ्तार कर लिया। इसकी निशानदेही पर झपटा हुआ आईफोन बरामद कर लिया गया। पुलिस वारदात में शामिल एक आरोपी जीशान की तलाश कर रही है।

## मुर्मु कल से दो दिन की मेघालय और ओड़िशा यात्रा पर

नई दिल्ली । मेघालय के मुख्य सचिव डी.पी. वहलांग ने घोषणा की कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 9 जनवरी को आईसीएआर के स्वर्ण जयंती समारोह और किसान एक्सपो का उद्घाटन करने के लिए शिलांग का दौरा करेंगी। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 9 जनवरी को शिलांग का दौरा कर रही हैं। वह मुख्य रूप से आईसीएआर के स्वर्ण जयंती समारोह और किसान एक्सपो का उद्घाटन करने आ रही हैं, जो 9 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। यह सुबह 11.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे के बीच होगा। वह उमरोई में उतरेंगी और आईसीएआर परिसर में ही समारोह करेंगी। इसलिए, वह शिलांग शहर की यात्रा नहीं कर रही हैं और समारोह के बाद, वह गुवाहाटी वापस चली जाएंगी, उन्होंने कहा। वहलांग ने यह भी बताया कि राष्ट्रपति की यात्रा के बाद, मेघालय कैबिनेट, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, दो दिवसीय कैबिनेट रिट्रीट के लिए सोहरा जाएगी। फिर 9 जनवरी की शाम को कैबिनेट के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी सोहरा की ओर बढ़ेंगे। सोहरा में, 10 जनवरी को, यानी अगले दिन, हम दोपहर 12 बजे कैबिनेट की बैठक से शुरुआत करेंगे, जो लगभग दो घंटे चलेगी। कैबिनेट की बैठक के बाद, कैबिनेट रिट्रीट होगी, जिसमें सभी विभाग कैबिनेट के सदस्यों के साथ बैठेंगे और 2025 के



लिए आगे के रास्ते पर एक प्रेजेंटेशन देंगे- योजनाएं, स्कीमें, उद्देश्य जो विभाग वर्ष 2025 के लिए पूरा करना चाहते हैं। इसलिए, यह 10 जनवरी को दो दिवसीय रिट्रीट होगा और 11 जनवरी को भी पूरा दिन होगा। रिट्रीट के दौरान, कैबिनेट ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों से मिलेगी, जिसमें नोंग्रियाट और लैटकिनसेव शामिल हैं, ताकि उनकी पहल को समझा जा सके। कैबिनेट ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से भी मुलाकात करेगी। वे 11 जनवरी की सुबह नोंग्रियाट की तरफ, लैटकिन्सेव की तरफ अंदर तक जाएंगे, उस क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों से मिलेंगे, वापस आएंगे और फिर से विभिन्न विभागों के साथ बैठक शुरू करेंगे, उन्होंने कहा। वहलांग ने बताया कि रिट्रीट का उद्देश्य प्रशासन और राजनीतिक नेतृत्व के बीच समन्वय बढ़ाना है। समग्र उद्देश्य और इरादा मूल रूप से एक भाषा में बात करना है, राजनीतिक पक्ष और प्रशासन दोनों से, यह समझने के लिए कि आने वाले वर्ष, 2025 के लिए विभाग क्या करने जा रहे हैं। कोई भी कमी या गलतफहमी नहीं होनी चाहिए, और सभी को एक भाषा में बात करनी चाहिए। ये वे लक्ष्य हैं जो इस वर्ष के लिए हमारे दिमाग में हैं। यह एक आत्मविश्वास बढ़ाने वाला अभ्यास है, और अधिकारी यह दिखाना चाहेंगे कि वे अपने विभागों के लिए क्या करना चाहते हैं, और मंत्री भी अपनी समग्र नीति योजनाओं को साझा करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष के रिट्रीट में दिसंबर में प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में मुख्य सचिवों के सम्मेलन के परिणामों पर चर्चा शामिल होगी। अभी तक, हम इसे केवल इस वर्ष के लिए रख रहे हैं। मुझे यकीन है कि अगर यह ठीक रहा तो अगले साल हम इसे जारी रखेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम मुख्य सचिवों के सम्मेलन के नतीजों पर भी चर्चा करने जा रहे हैं, जो दिसंबर के महीने में हुआ था। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हमने उच्चतम स्तर पर जो भी चर्चा की, वही संदेश इस बैठक में जाएगा। यह संचार के बारे में है, ऊपर से लेकर नीचे तक, वाहलांग ने निष्कर्ष निकाला।

## दिल्ली में अकेले लड़ेंगे और बेहतर प्रदर्शन करेंगे- मायावती

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव अपने बलबूते लड़ेगी और बेहतर प्रदर्शन करेगी। सुश्री मायावती ने उम्मीद जतायी कि चुनाव आयोग सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ ही साम्प्रदायिकता व अन्य घिनौने प्रचार से चुनाव को दूषित होने से बचाएगा।बसपा अध्यक्ष ने एक्स पर कहा दिल्ली विधानसभा का आमचुनाव आगामी पांच फरवरी को एक चरण में होगा। चुनाव आयोग द्वारा इस बारे में की गई घोषणा का स्वागत। बीएसपी यह चुनाव अपनी पूरी तैयारी व दमदारी के साथ अकेले अपने बलबूते पर लड़ रही है। उम्मीद है कि पार्टी इस चुनाव में ज़रूर बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की रीढ़ है और बाहुबल व धनबल से दूर रहने वाली गरीबों-मजलूमों की पार्टी बीएसपी आयोग से यह उम्मीद रखती है कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के क्रम में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ ही साम्प्रदायिकता व अन्य घिनौने प्रचार से चुनाव को दूषित होने से बचाएगा।

## ममता ने बंगाल के किसानों के लिए 350 करोड़ रुपये जारी करने की घोषणा की



कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को 'बांगला शस्य बीमा' योजना के तहत लगभग नौ लाख किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए 350 करोड़ रुपये जारी करने की घोषणा की। सुश्री बनर्जी ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि %बांगला शस्य बीमा% योजना के तहत, अब हम नौ लाख किसानों के बैंक खातों में सीधे 350 करोड़ रुपये जारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सहायता उन सभी किसानों को प्रदान की जा रही है जिनकी फसलें खरीफ सीजन के दौरान प्रतिकूल मौसम के कारण क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उन्होंने कहा, हमारे किसानों को फसल बीमा के लिए कोई पैसा नहीं देना पड़ता है,

क्योंकि हमारी राज्य सरकार आलू और गन्ने सहित सभी फसलों के लिए संपूर्ण बीमा प्रीमियम का भुगतान करती है। उन्होंने कहा, हमें गर्व है कि वर्ष 2019 में अपनी स्थापना के बाद से राज्य सरकार ने अकेले %बांगला फसल बीमा% योजना के तहत 1.12 करोड़ प्रभावित किसानों को कुल 3,562 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की है। हम हमेशा बंगाल के किसानों के साथ रहे हैं और भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखेंगे।

## दिल्ली में कांग्रेस ने किया 25 लाख रूपए का स्वास्थ्य बीमा देने का वादा

नई दिल्ली । कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर में बुधवार को 'जीवन रक्षा योजना' की घोषणा की, जिसके तहत उसने सत्ता में आने पर दिल्ली के लोगों को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस योजना का ऐलान करते हुए कहा कि यह दिल्ली में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए क्रांतिकारी साबित होगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की यह दूसरी 'गारंटी' है। इससे पहले उसने 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा की थी जिसके तहत उसने दिल्ली की पात्र महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह देने का वादा किया है। दिल्ली में 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान पांच फरवरी को होगा और मतगणना आठ फरवरी को होगी। गहलोत ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में संवाददाताओं से कहा, ''दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने की संभावनाएं बढ़ रही हैं। मेरा मानना है कि यह देश के लिए भी जरूरी है।'' गहलोत ने यह भी कहा कि प्रस्तावित योजना दिल्लीवासियों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, ''दिल्ली




कांग्रेस ने 'जीवन रक्षा योजना' को अपने घोषणापत्र में शामिल करने का निर्णय लिया है। जीवन रक्षा योजना के तहत 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा। हमने राजस्थान में भी ऐसी ही योजना शुरू की, जिसमें प्रदेश के लोगों को 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज दिया।'' मुख्यमंत्री रहते हुए राजस्थान में 'चिरंजीवी' योजना शुरू करने वाले गहलोत ने कहा कि राजस्थान की उस योजना की खासियत यह रही कि यह सबके लिए थी, उसमें किसी के लिए कोई बाध्यता नहीं थी तथा दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने पर इसी तर्ज पर योजना शुरू होगी। इस घोषणा के दौरान पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान का नारा ''होगी हर जरूरत पूरी, कांग्रेस है जरूरी'' प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। इसमें सभी के लिए आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने के कांग्रेस के ''वादे'' पर प्रकाश डाला गया। गहलोत ने कहा कि प्रस्तावित योजना का उद्देश्य परिवारों को व्यापक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करना है जिसके दायरे में गंभीर बीमारियों, अस्पताल में भर्ती होने और उपचार के लिए चिकित्सा व्यय को शामिल किया जाएगा। कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी अपनी दूसरी गारंटी लेकर जनता के बीच आई है। उन्होंने कहा, ''हम जो गारंटी लेकर आए हैं, वह हमारी कांग्रेस की सरकारों में पहले से चल रही हैं, या पहले की सरकारों में लागू हो चुकी हैं। जनता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर विश्वास करती है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की तरह कभी झूठ नहीं बोलती।'' दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि 'जीवन रक्षा योजना' दिल्लीवासियों को उनके जीवन की सुरक्षा का भरोसा देगी। उनका कहना था, ''दिल्ली की हवा में जहर है, पानी दूषित है, खाने में मिलावट है। इस कारण दिल्ली को गंभीर बीमारियों ने जकड़ लिया है। जब भी जनता को उसकी जरूरत होती है, तो केंद्र और दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह से चरमरा जाती हैं।'' यादव ने कहा, ''हमने 'जीवन रक्षा योजना' को दिल्ली में लागू करने का फैसला किया है, जिसमें सभी निजी अस्पताल शामिल होंगे।''

# संपादकीय

## रूल्स फॉर कॅरियर ग्रोथ




कॅरियर में आगे बढ़ने के लिए यूं तो सभी मेहनत करते हैं, लेकिन कुछ लोग ही ऐसे होते हैं, जो वास्तव में आगे बढ़ पाते हैं। दरअसल, वे लोग आगे बढ़ने के लिए दूसरों से हटकर कुछ नया करने का प्रयास करते हैं, इसीलिए वे आगे बढ़ पाते हैं। आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ नियमों के बारे में जो आपको आगे ले जा सकते हैं।

इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के इस दौर में प्रतिस्पर्धा भी एक नया रूप ले रही है। शायद ही कोई ऐसा सेक्टर हो, जहां दूसरों से आगे निकलने के लिए कड़ी चुनौती का सामना न करना पड़ रहा हो। हालांकि आगे निकलने की इस दौड़ में सक्सेस सभी को नहीं मिल पाती। आइए जानते हैं ऐसी ही कुछ बातें जो आपको दूसरों से आगे कर सक्सेस दिला सकती हैं। काम में रहें अव्वल- आप को जो भी जिम्मेदारी दी जाती है आप उसे पूरी ईमानदारी व मेहनत के साथ निभाएं। आप जिस प्रोसेस में काम करते हैं, उसकी आपको पूरी-पूरी जानकारी होनी चाहिए। आगे बढ़ने के लिए भी जरूरी है कि आप अपने काम में पूरी तरह से पारंगत हों। साथ ही अगर कोई नई चीज सीखने का मौका मिलता है, तो उससे पीछे न हटें। यह चीज आपको दूसरों से आगे ले जा सकती है।

अवसर की तलाश- यदि आपको कोई एक्स्ट्रा असाइनमेंट मिलता है, तो इसे एक अवसर की तरह लें। इस तरह के मौकों को खोना नहीं चाहिए, क्योंकि ये आपको एक अच्छा एक्सपोजर दिला सकते हैं। इस तरह के असाइनमेंट को लेने से आपकी लीडरशिप, मैनेजमेंट व इंटरपर्सनल स्किल भी डेवलॅप होगी। आप मैनेजमेंट की नजरों में भी आएंगे। समस्याएं हल करें- किसी भी कंपनी में समस्याएं खोजना आसान है। लेकिन इसके विपरीत आप किसी भी समस्या का समाधान खोजने वाले बनें। इसके लिए आप सबसे पहले परिस्थिति का विश्लेषण करें और इसके बाद समस्या का समाधान करने की पहल करें। इन समस्याओं को संबंधित पक्ष के साथ बातचीत कर आसानी के साथ सुलझाया जा सकता है।

परिवर्तन को रहें तैयार- कंपनी में कई काम और डिपार्टमेंट होते हैं। ऐसे में कंपनी की जरूरत के हिसाब से अगर आपको किसी दूसरे डिपार्टमेंट में शिफ्ट किया जाता है, तो आपको भी उसके अनुरूप अपने वर्क स्टाइल में परिवर्तन लाना चाहिए। कंपनी की जरूरत जानें- जब आप किसी कंपनी को ज्वाइन करें, तो कुछ समय यह जानने में लगाएं कि कंपनी का लक्ष्य क्या है? यदि कंपनी किसी समस्या से जूझ रही है और आप समस्या के हल के बारे में बता सकते हैं, तो मान लें कि आप ने सफलता हुए।

नेटवर्किंग ग्रुप से जुड़े- आजकल लगभग सभी कंपनियां ट्रेनिंग व कॅरियर प्रोग्राम्स संचालित करती हैं। अपने कॅरियर ग्रॉफ को आगे ले जाने के लिए इनमें जरूर हिस्सा लें। इससे मैनेजमेंट को भी मालूम होगा कि आप कुछ अलग करने की चाहत रखते हैं। इस तरह मैनेजमेंट आपके स्किल्स देखते हुए महत्वपूर्ण असाइनमेंट का हिस्सा भी बना सकता है। यह सब चीजें ही आपके कॅरियर ग्रॉफ को आगे ले जाती हैं।

## अंगूर खाओगे, तो ये रोग होंगे दूर

अंगूर स्वादिष्ट होने के साथ-साथ अनेक पौष्टिक गुणों से युक्त होते हैं। इनमें विटामिन, पोटेशियम, कैल्शियम, फास्फोरस, कार्बोहाइड्रेट और ग्लूकोज पर्याप्त मात्रा में होता है, जो शरीर में खून की वृद्धि करता है व कमजोरी दूर करता है।

एनजी- अंगूर में मौजूद शर्करा रक्त में आसानी से अवशोषित हो जाती है और थकान दूर कर शरीर को ऊर्जा प्रदान करती है।

सफाई- अंगूर शरीर में मौजूद विषैले तत्वों को आसानी से शरीर से बाहर निकाल देता है। अंगूर रक्त की क्षारीयता को संतुलित करता है। किसी कारणवश शरीर में अम्लता बढ़ जाए तो वह हानिकारक साबित होती है। ऐसा होने पर 20 से 30 ग्राम अंगूर खाएं।

मिर्गी- अंगूर को रोजाना खाने से कैंसर, एपेंडिक्स, बच्चों में कमजोरी, मिर्गी, रक्त संबंधी विकार, आमाशय में घाव और कमजोरी में लाभ मिलता है।

पाचन- यदि किसी ने धतूरा खा लिया हो तो उसे दूध में अंगूर का सिरका मिलाकर दें। यह टायफॉइड, मानसिक परेशानी और पाचन की गड़बड़ी में भी लाभकारी होता है।

## 09 जनवरी 2025 का पंचांग






सूर्योदय- 07.14 प्रात-
सूर्यास्त- 05.53 सायं
सूर्य राशि- धनु
चंद्र उदय- 1.37 दोपहर
चंद्र अस्त- 03.30 प्रात-
चंद्रमा- रात्रि- 08.46 उपरांत वृषभ राशि में।

आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-10 पूर्णिमांत महीना पौष-25 शुक्ल पक्ष 10, तिथि-दशमी दोपहर- 12.22 तक बाद में एकादशी, नक्षत्र-भरणि दोपहर- 03.07 तक बाद में कृतिका, योग-साध्य सायं- 05.29 तक बाद में शुभ,करण-ग़र दोपहर- 12.22 तक बाद में वणिज रात्रि- 11.20 तक बाद में विष्टी, राहु काल दोपहर- 1.30 से 03.00 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक, यमगंड प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.12 से 11.29 तक दुमुहूर्त प्रात- 10.47 से से 11.29 तक व 03.03 से 03.45 तक अमृत काल प्रात- 10.34 से 12.05 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.38 से 06.26 तक।

## आज 09 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष-परेशानी में कुछ शांति का अनुभव होगा, घर में कुछ ठीक करवा सकते है, शिक्षा में मेहनत पर ध्यान देंगे, तामसिक भोजन ना करें।
भाग्य प्रतिशत-57

वृषभ- प्रसिद्ध व्यक्ति से मुलाकात से हर्ष होगा, सरकारी काम में सफ़लता मिलेगी, मित्र की मदद भी कर सकते है, कमर्शियल प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बनेगी।
भाग्य प्रतिशत-81

मिथुन-सबसे संबंधो को बनाकर रखें फायदे में रहेंगे, कोई महत्वपूर्ण डील पूरी हो सकती है, पब्लिशिंग हाउस कार्य चलेगा, शत्रु पक्ष दबा रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-65

कर्क- घर बदलना चाहते है तो समस्या सुलझ जाएगी, दूर नौकरी के लिए प्रयास करेंगे, धनी कुल के लोगों से मुलाकात होगी, किसी के प्रति आकर्षण होगा।
भाग्य प्रतिशत-60

सिंह- घर में कोई धार्मिक कार्य करने का विचार आयेगा, यात्रा भी कर सकते है, कार्यक्षेत्र में अच्छे ढंग से काम करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-62

कन्या- इन्वेस्टमेंट से लाभ होगा, धन जरूरी कार्य पर खर्च भी करेंगे, पिता से सलाह मिलेगी लेकिन नज़रअंदाज कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-66

तुला- काम से नई पहचान मिलेगी, सब काम अच्छे से पूरा करेंगे, पत्नी का सपोर्ट मिलेगा, फेशन के व्यवसाय से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-60

वृश्चिक- पिता को सहयोग करेंगे, उनकी देखभाल भी करेंगे, खराब स्वास्थ्य में थोड़ी राहत मिलेगी, कोई बात साध लेंगे जिससे लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-68

धनु- विवाद में विजय मिलेगी, थोड़ा इमोशनल भी रहेंगे, प्रॉपर्टी के मसले पर ध्यान दे, डिहाइड्रेशन, दस्त सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-57

मकर- सुख बढ़ेगा, धन की कमी अनुभव होगी, थोड़ा एडजस्टमेंट करना पड़ेगा, गले में परेशानी सम्भव है, बाहर के लोग भरोसा करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-63

कुम्भ- धन खर्च करने में कंजूसी करेंगे, किसी प्रॉपर्टी की अच्छी कीमत ऑफर होगी, किसी से परेशानी बताएंगे।
भाग्य प्रतिशत-55

मीन- संतान के नाम धन कर सकते है, उसके और से संतुष्ट रहेंगे, मेनेजमेंट काम से खुश रहेगा, वेतन बढ़ सकता है।
भाग्य प्रतिशत-57

## हनी सिंह ने की आतिफ असलम से मुलाकात, बॉर्डरलेस ब्रदर दिया नाम

मुंबई । फिल्म इंडस्ट्री के सफल गायक-रैपर यो यो हनी सिंह ने अपने बॉर्डरलेस ब्रदर और पाकिस्तानी गायक-अभिनेता आतिफ असलम से मुलाकात की। हनी सिंह ने मुलाकात की तस्वीर को सोशल मीडिया पर साझा किया। सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ नए पोस्ट के साथ अक्सर रूबरू रहने वाले यो यो हनी सिंह ने इंस्टाग्राम पर पाकिस्तानी गायक आतिफ असलम के साथ तस्वीर को साझा करते हुए बढ़िया कैप्शन भी दिया। उन्होंने लिखा, बॉर्डरलेस ब्रदर्स! मार्च में जन्में भाई आतिफ असलम और यो यो हनी सिंह। साझा की गई तस्वीर में हनी सिंह और आतिफ असलम एक साथ पोज देते कैमरे में कैद हुए। हनी सिंह सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं। हाल ही में उन्होंने अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती से मुलाकात की तस्वीर को साझा करते हुए उन्हें 'बहादुर महिला' बताया था। इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा तस्वीर में रिया, हनी सिंह के कंधे पर हाथ रखे हुए दिखी थीं। रिया को



बहादुर महिला के रूप में टैग करते हुए हनी सिंह ने लिखा, वास्तव में बहादुर महिला रिया चक्रवर्ती से मिलना बहुत अद्भुत लगता है। हनी सिंह के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने अभिनेता सोनू सूद की आगामी फिल्म 'फतेह' का 'हिटमैन' गाना रिलीज हो चुका है। 'हिटमैन' गाने के बोल को लियो ग्रेवाल ने लिखा है, जबकि बॉस्को मार्टिस ने गाने को कोरियोग्राफ किया है। सोनू सूद ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर गाने के वीडियो को शेयर करते हुए लिखा था, वे यहां सुनामी लेकर आए हैं! पंजाबी मुंडे तूफान लेकर आए हैं 'हिटमैन' रिलीज हो चुका है। फिल्म में काम करने को लेकर हनी सिंह ने बताया था, मैं सोनू सर को 16 साल से भी ज्यादा समय से जानता हूं। मैं तभी से जानता था कि वे सिर्फ फिल्मों में अभिनय करने के लिए नहीं बने हैं, वे फिल्में बनाने के लिए बने हैं, जब उन्होंने मुझे 'फतेह' के कुछ अंश दिखाए, तो मुझे एक फिल्म निर्माता के रूप में उनके जुनून का एहसास हुआ। इस अद्भुत फिल्म के लिए 'हिटमैन' बनाने का सौभाग्य पाना, उनके विजन को आवाज देने जैसा था। उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है कि कई साल पहले मैं चंडीगढ़ और मोहाली में संगीत बनाता था और उन्होंने उस वक्त भी मुझे यही भरोसा दिलाया था कि मुंबई मेरे संगीत का इंतजार कर रही है। उनका मुझ पर विश्वास मायने रखता था और आज हम प्रशंसकों को कुछ शानदार दे रहे हैं, अपनी पंजाबी जड़ों का जश्न मना रहे हैं।

## नए साल की शुरुआत में वरुण धवन ने मुंबई में खरीदा आलीशान फ्लैट



मुंबई । बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन पिछले कुछ दिनों से अपनी फिल्म बेबी जॉन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। 25 दिसंबर को वरुण धवन ने बेबी जॉन रिलीज कर अपने फैन्स को खास तोहफा दिया। उन्होंने नए साल की शुरुआत में मुंबई में एक आलीशान फ्लैट खरीदा है। वरुण धवन और उनकी पत्नी नताशा दलाल ने मुंबई के जुहू में 3 जनवरी को एक नया घर खरीदा है। यह फ्लैट करीब 5 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में फैला हुआ है। मुंबई में प्राइम लोकेशन पर बने इस फ्लैट के लिए वरुण धवन ने 2.67 करोड़ की स्टांप ड्यूटी चुकाई है। इस घर की कीमत 44.52 करोड़ रुपये है।

## सोनी सब के कलाकारों ने मकर संक्रांति की अपनी परंपराएँ और इस साल की योजनायें साझा कीं

मुंबई । सोनी सब के कलाकारों ने मकर संक्रांति की अपनी परंपरायें और इस साल की योजनायें साझा की हैं। पुष्पा इम्पॉसिबल में दीप्ति की भूमिका निभाने वाली गरिमा परिहार ने कहा,मकर संक्रांति हमारे देश में साल की पहली छुट्टी है और इसके साथ ही नए साल का स्वागत अच्छी ऊर्जा और बड़े उत्साह के साथ करने का मौका मिलता है। इस दिन मैं आमतौर पर भोजन और अन्य आवश्यक चीजें दान करती हूं, लोगों को उनके भोजन तैयार करने और उनका आनंद लेने में मदद करती हूं। जब मैं शूटिंग नहीं कर रही होती हूं, तो मुझे पतंग उड़ाने का रोमांच बहुत पसंद आता है, चाहे दोस्तों के साथ हो या किसी समूह में शामिल होकर यह एक बहुत ही रोमांचक और मजेदार अनुभव है! तिल-गुड़ की गर्माहट और प्रियजनों के साथ समय बिताने की खुशी हमें जीवन में सरल सुखों को संजोने और जहाँ भी हम जाएँ मिठास और दयालुता फैलाने की याद दिलाती है। तेनाली रामा में राजा कृष्णदेवराय की भूमिका निभाने वाले आदित्य रेड्डीज ने कहा,मकर संक्रांति हमारी संस्कृति में एक विशेष त्योहार है, जो कृतज्ञता और नई शुरुआत का प्रतीक है। एक अभिनेता के रूप में जीवन अक्सर व्यस्त रहता है, लेकिन मैं जब भी संभव हो कुछ परंपराओं का पालन करने की कोशिश करता हूँ। मुझे याद है कि मेरे बड़े-बुजुर्ग सूर्योदय से पहले स्नान करते थे, एक ऐसी प्रथा जो मुझे मेरी जड़ों से जोड़े रखती है। अब एक पिता के रूप में मैं धीरे-धीरे अपने बेटे को इन परंपराओं से परिचित कराना चाहता हूं। भले ही वह समझने के लिए बहुत छोटा है, मुझे उम्मीद है कि पतंग उड़ाने या तिलगुड़ साझा करने जैसे छोटे-छोटे पल उसे बड़े होने पर हमारी संस्कृति की सराहना करने में मदद करेंगे। संक्रांति जैसे त्यौहार बंधन, साझा करने और स्थायी यादें बनाने के बारे में हैं। चाहे जीवन कितना भी व्यस्त क्यों न हो, वे हमें एक विराम लेने और अपनी विरासत का जश्न मनाने की याद दिलाते हैं। तेनाली रामा में तेनाली की भूमिका निभाने वाले कृष्ण भारद्वाज ने कहा,मकर संक्रांति हमारी समृद्ध परंपराओं और सांस्कृतिक जड़ों की एक सुंदर याद दिलाती है। बचपन में मकर संक्रांति का मतलब पतंग उड़ाना था और यह मुझे खुशी से भर देता था। लेकिन अब जैसे-जैसे मैं बड़ा हुआ, मुझे एहसास हुआ कि हमारे पंख वाले दोस्तों के बारे में सोचना ज़रूरी है, इसलिए मैं अब पतंग उड़ाना पसंद नहीं करता हूं। इसके बजाय, मैं अपने प्रियजनों के साथ छोटी-छोटी, अंतरंग सभाओं को संजोता हूँ, जहाँ हम मिठाइयाँ खाते हैं, हँसी-मज़ाक करते हैं और साथ मिलकर जश्न मनाते हैं। यह साधारण पलों में खुशी ढूँढ़ने और ऐसी यादें बनाने के बारे में है जो हमेशा के लिए याद आ जाएँगी। श्रीमद् रामायण में सीता की भूमिका निभाने वाली प्राची बंसल ने कहा,जैसे-जैसे मकर संक्रांति नज़दीक आती है, मुझे उस गर्मजोशी और साथ की याद आती है जो सीता और श्री राम के बीच के बंधन की तरह है। मेरे लिए यह परिवार और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने, खुद को तरोताज़ा करने का समय है।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली तेजी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी की, इसके बावजूद बाजार पर लगातार दबाव बना रहा। सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.21 प्रतिशत और निफ्टी 0.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, ओएनजीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा के शेयर 2.05 प्रतिशत से लेकर 0.47 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर ट्रेंट लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, श्रीराम फाइनेंस, टाइटन कंपनी और अडाणी पोर्ट्स के शेयर 2.10 प्रतिशत से लेकर 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,335 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 611 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,724 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 23 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर



रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 13 शेयर हरे निशान में और 37 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 120.34 अंक की तेजी के साथ 78,319.45 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे कुछ देर के लिए इस सूचकांक की चाल में सुधार होता हुआ नजर आया।

लेकिन, थोड़ी देर बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण इस सूचकांक की गिरावट बढ़ती चली गई। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 160.74 अंक की कमजोरी के साथ 78,038.37 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 38.75 अंक की बढ़त के साथ 23,746.65 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक फिसल कर लाल निशान में 23,622.20 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश की, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाल एक बार फिर हावी हो गए, जिसकी वजह से ये सूचकांक लगातार लाल निशान में ही कारोबार करता रहा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 51.55 अंक की कमजोरी के साथ 23,656.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 234.12 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 78,199.11 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 91.85 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,707.90 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## सर्राफा बाजार में महंगी हुई चांदी, सोने में सपाट स्तर पर कारोबार



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में सोना आज बिना किसी बदलाव के सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। सोने के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,860 रुपये से लेकर 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये से लेकर 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आज तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज भी 78,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी मंगलवार के भाव पर यानी 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना भी आज 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही बिक रहा है।

## राघव जुयाल उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों में नजर आए

मुंबई । अभिनेता-कोरियोग्राफर और डांसर राघव जुयाल उत्तराखंड, देहरादून स्थित अपने पैतृक गांव के खूबसूरत वादियों में समय बिताते नजर आए। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट साझा किए हैं। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेता ने पोस्ट में बताया कि वह अभी अपने घर पर परिवार और दोस्तों के साथ शानदार समय बिता रहे हैं। वीडियो को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए राघव ने कैप्शन में लिखा, घर। वीडियो में अभिनेता के साथ उनके दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ ही उनका पालतू पेट (कुत्ता) भी नजर आया। राघव जुयाल देहरादून के रहने वाले हैं। हाल ही में उन्होंने एक और वीडियो साझा करते हुए लिखा था, हंसते-हंसते कट जाएं रास्ते वीडियो में वह चट्टानों के बीच दुर्गम रास्तों



पर चढ़ते नजर आए। अभिनेता ने हाल ही में सार्वजनिक मंच से साझा करते हुए बताया था कि युधरा में नकारात्मक भूमिका निभाने के बाद वह काफी परेशान हो गए थे। यह बात उन्होंने एक सार्वजनिक मंच से साझा की थी। इस फिल्म में नकारात्मक रोल करने वाले राघव जुयाल ने एक कार्यक्रम में बताया था, युधरा में ऐसे गंभीर रोल को करना मेरे लिए एक अनूठा अनुभव था। भूमिका को सही मायने में मूर्त रूप देने के लिए, मुझे अपने चरित्र में गहराई से उतरना पड़ा। इस रोल को निभाने के लिए मुझे अपनी सीमाओं से आगे बढ़ना पड़ा और उन चीजों को आजमाना पड़ा जो मेरे कंफर्ट जोन से बाहर थीं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के दौरान वह ऐसे व्यवहार के साथ जी रहे थे, जो उनके सामान्य स्वभाव से बिल्कुल अलग था। उन्होंने आगे कहा था, बस मुझे अपने किरदार की मानसिकता को समझना था। यह प्रक्रिया गहन थी और कई बार काफी परेशान करने वाली भी। शूटिंग खत्म होने के बाद मुझे एहसास हुआ कि इस भूमिका ने मनोवैज्ञानिक स्तर पर मुझ पर कितना असर डाला है। मुझे खुद को अलग करने और खुद को ठीक करने की बहुत जरूरत महसूस हुई। अभिनेता ने बताया था कि इसके बाद वह आराम करने के लिए अपने गृहनगर उत्तराखंड चले गए थे। अभिनेता ने कहा था, स्वस्थ होने और अपना संतुलन पाने के लिए, मैं उत्तराखंड में अपने गृहनगर के पहाड़ों पर वापस चला गया। वहां की शांति और स्थिरता ने मुझे उस मनोवैज्ञानिक बोझ से उबरने में मदद की जो उस भूमिका ने मुझ पर डाला था। उन्होंने यह भी बताया कि उनके परिवार ने उनके व्यवहार में परिवर्तन को नोटिस किया था और वे चिंतित थे, जिससे उन्हें एहसास हुआ कि उन्होंने खुद को किरदार में कितनी गहराई से डूबो दिया था। यह पहली बार था जब मैंने इस तरह की भूमिका निभाने का प्रयास किया, और यह एक चुनौतीपूर्ण लेकिन बेहतरीन अनुभव था। रवि उदयवार के निर्देशन में बनी फिल्म का निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट ने किया है और फिल्म में राघव के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी और मालविका मोहनन भी अहम भूमिका में हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## भाजपा ही संविधान निर्माता और संविधान का करती है सम्मान -नरेन्द्र बंसल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । में संविधान गौरव आभियान जिला कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय गंगानगर बुलंदशहर में मंडल प्रभारी स्याना होने के नाते मेरा नरेन्द्र बंसल बुलंदशहर का रहना हुआ सभी नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्षगणों का स्वागत किया गया भारत में भारत के संविधान की रक्षा और सम्मान केवल भाजपा ही करती है विपक्षी दलों द्वारा केवल जनता के बीच भ्रम फैलाने का काम किया जा रहा है इतने लंबे समय तक कांग्रेस ने भारत पर शासन करने का काम किया दलित शोषित वंचितों को संविधान के अनुसार इनको मिलने वाले अधिकारों से वंचित रखने का काम किया भाजपा ने दिखा दिया कि मोदी जी योगी जी के शासन में ही अंतिम पंक्ति में खड़े हुए व्यक्ति की परेशानी दूर हो इसकी चिंता की जाती है कांग्रेस ने बाबा साहब डाक्टर भीम राव आंबेडकर जी को भी बार बार अपमानित करने का काम किया कांग्रेस के शासन में संविधान में सबसे ज्यादा बदलाव किए गए और अब आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा भारत के संविधान को बदल देगी मोदी जी योगी जी के नेतृत्व में बार बार भाजपा को जीताकर जनता ने बता दिया है कि भाजपा के रहते ही देश प्रदेश सुरक्षित हाथों में है

## खटीक समाज के श्मशान घाट में साफ-सफाई नहीं - सभासद



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर नगर के खटीक समाज के श्मशान घाट में फैली गन्दगी से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए सभासद टीकम सूर्यवंशी, ने नगर पालिका में लिखित में शिकायत की है कि खटीक समाज के श्मशान घाट में साफ-सफाई नहीं है और सरकारी नहीं खराब पड़ा है गौरतलब है कि खटीक समाज के श्मशान घाट में लम्बे समय से गन्दगी के अम्बार लगे हुए है यहां गन्दगी होने के कारण शवों के अन्तिम संस्कार करने के लिए आने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है अन्तिम संस्कार के दौरान लोगों को श्मशान घाट में पड़ी गन्दगी से दो चार होना पड़ रहा है जिसे देखते हुए सभासद टीकम सूर्यवंशी, ने नगर पालिका चेयरमैन, और ईओ, को एक शिकायती पत्र खटीक समाज के श्मशान घाट की साफ-सफाई कराने की लिख कर शिकायत की है जब इस सम्बन्ध में नगर पालिका ईओ नीतू सिंह से जानकारी करी तो उन्होंने बताया कि खटीक समाज के श्मशान घाट और अन्य श्मशानघाटों पर सफाई अभियान जल्द से जल्द चलाया जायेगा ।

## भाजपा के दूसरी बार बनें मण्डल अध्यक्ष - विकास गर्ग



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर नगर के मण्डल अध्यक्ष के पद पर विकास गर्ग, को दूसरी बार नियुक्त किया गया है पूर्व मण्डल अध्यक्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद भाजपा की शीर्ष कमेटी ने इस पद के लिए नए चुनाव की प्रक्रिया शुरू की थी जिसमें कई उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की थी भाजपा के मण्डल अध्यक्ष में सक्रिय सदस्य विकास गर्ग, ने भी इस पद के लिए आवेदन किया था उनकी मेहनत और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए भाजपा हाईकमान ने उन्हें शिकारपुर नगर का मण्डल अध्यक्ष दूसरी बार नियुक्त किया है विकास गर्ग, को मण्डल अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है सोशल मीडिया से लेकर उनके घर तक बधाई देने का सिलसिला जारी है मण्डल अध्यक्ष विकास गर्ग, ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे वह ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगे वे समस्त कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान रखते हुए जनता तक सरकार की नीतियों को पहुंचाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करेंगे ।

## मिल्कीपुर में पांच फरवरी को होगा चुनाव, जिला प्रशासन ने की तैयारी

अयोध्या । उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित मिल्कीपुर में पांच फरवरी को उपचुनाव होना है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। इस बारे में जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बुधवार को पत्रकारों को जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 273 मिल्कीपुर विधानसभा के लिए उपचुनाव हो रहा है। इस बार चुनाव आयोग ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। उपचुनाव की निर्वाचन की अधिसूचना 10 जनवरी को जारी होगी, जिसके बाद नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी को होगी। वहीं नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 20 जनवरी तय की गई है। तत्पश्चात 5 फरवरी को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। मतगणना 8 फरवरी को होगी। निर्वाचन प्रक्रिया 10 फरवरी तक पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देश के मुताबिक चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। डीएम चंद्र विजय ने बताया कि इस सीट पर तीन लाख 70 हजार 829 मतदाता है। युवा मतदाता चार हजार आठ सौ 11 हैं। कुल 414 बूथ हैं। मतदान केंद्र 255 हैं। इस चुनाव को कराने के लिए चार जोन और 41 सेक्टर में बांटा गया है। जितने भी जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट है उनकी तैनाती हो गई है। उनका प्रशिक्षण भी हो चुका है। इस चुनाव में जितने भी अधिकारी लगे हैं उनकी बैठक बुलाई गई है। सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक की जाएगी। आचार संहिता के बारे भी ब्रीफ किया जाएगा। ज्ञात हो 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर सीट से समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने जीत दर्ज की थी। वर्ष 2024 में पार्टी ने उन्हें अयोध्या संसदीय सीट से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। इसमें भी अवधेश प्रसाद ने जीत हासिल की। इसके बाद मिल्कीपुर सीट से उन्होंने त्यागपत्र दे दिया। इससे यह सीट खाली हो गई थी। अब इस पर उपचुनाव हो रहा है।

## जिला कार्यालय गंगानगर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत एक बैठक को संबोधित किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय गंगानगर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत एक बैठक को संबोधित किया। संविधान गौरव अभियान 11 जनवरी से 25 जनवरी तक चलेगा इसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बूथ स्तर तक घर-घर, मोहल्ले मोहल्ले जाकर संविधान के बारे में जनता को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र को संसद में नहीं लगने दिया यह कार्य भारतीय जनता पार्टी ने किया है। मानसिंह गोस्वामी ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को माला पहनकर उनका अभिनंदन किया एवं हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जिला अध्यक्ष भाजपा विकास चौहान ने संविधान गौरव अभियान के बारे में संबोधित करते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के द्वारा रचित संविधान लागू हुआ। कांग्रेस ने संविधान को खतरा बताने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी का प्रथम लक्ष्य भारत माता को परम वैभव तक पहुंचना है एवं विश्व गुरु बनाना है। सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का फूल माला पहनकर स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दीं। बैठक में प्रमुख रूप से मुंशीलाल गौतम, सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मी राज सिंह, नेमपाल सिंह, जिला महामंत्री अजय त्यागी, संतोष वाल्मीकि, संजय गुर्जर, संजय माहेश्वरी, राजीव बंसल, ऊषा बंसल, इंद्र मोहन लोधी, भक्तोष गुर्जर, मलखान सिंह, दिवाकर सिंह, शशि शर्मा, पूजा गुप्ता आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाकुंभ - मिनी आईसीयू से सुसज्जित होंगे प्रयागराज रेलवे जंक्शन

प्रयागराज । प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यहां आने वाले भक्तों के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। महाकुंभ 2025 में लाखों लोगों के आने की संभावना जताई गई है। ऐसे में उनके स्वास्थ्य को देखते हुए प्रयागराज रेल मंडल ने जरूरी कदम उठाया है। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की सेहत को ध्यान में रखकर रेलवे स्टेशनों पर मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए गए हैं। प्रयागराज रेल मंडल के सीनियर पीआरओ डॉ. अमित मालवीय ने बताया कि महाकुंभ 2025 में आने वाले भक्तों के लिए रेलवे अधिकारी तीर्थयात्रियों के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। इसके तहत प्रयागराज जंक्शन और अन्य रेलवे स्टेशनों पर मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए गए हैं। ये कमरे डॉक्टरों, चिकित्सा सुविधाओं और मिनी आईसीयू समेत उन्नत उपकरणों से सुसज्जित होंगे। तीर्थयात्रियों के लिए उचित चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के लिए उनमें कार्डियक मॉनिटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, डिफाइब्रिलेटर और डीसी बिजली की आपूर्ति होगी। सभी मेडिकल सुविधाएं होंगी। 24 घंटे इसे ऑपरेट किया जाएगा। 2019 में एक लाख लोगों को चिकित्सा सुविधा दी गई थी, इस बार उससे ज्यादा की उम्मीद है। प्रयागराज जंक्शन पर 10 बेड व्यवस्था रहेगी। ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जरूरी मदद पहुंचाई जाएगी। रेलवे चेकिंग स्टाफ, मेडिकल की टीम के अलावा अन्य वॉलिंटियर्स को श्रद्धालुओं की मदद के लिए ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2019 में कई हजार लोगों को स्वास्थ्य सेवा देकर उनकी जान बचाई गई थी। रेलवे स्टेशनों पर मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम होने से डायबिटीज के पेशेंट, अधिक पैदल चलने से थकान से बेहोशी सहित अन्य मेडिकल समस्या से जूझ रहे लोगों का इलाज किया जाएगा। मेडिकल अस्पताल में मरीज को पहुंचाने के लिए एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध रहेगी। इसके लिए रेलवे प्रशासन ने शहर के सभी प्रमुख और रेलवे के अस्पताल से समन्वय स्थापित किया है। प्रयागराज रेल मंडल महाकुंभ 2025 में आने श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन पर स्वास्थ्य की जरूरी सुविधाएं प्रदान करने के सभी जरूरी प्रयास किए गए हैं।

## फिरौती के पत्र में गलत स्पेलिंग की वजह से पुलिस को फर्जी अपहरण का पता लगाने में मदद मिली

हरदोई । फिरौती के पत्र में गलत स्पेलिंग के कारण पुलिस को अपहरण के एक फर्जी मामले का खुलासा करने में मदद मिली, जिसमें एक व्यक्ति ने अपने बड़े भाई को ठगकर उससे 50 हजार रुपये की मांग की थी। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में गन्ना क्रय केंद्र पर तौल का काम करने वाले युवक ने खुद के अपहरण की कहानी रची और रुपए के लिए भाई के मोबाइल पर संदेश में लिखा कि पुलिस को जानकारी देने पर 'डेथ' हो जायेगी। पुलिस ने 'अपहृत' युवक को रूपापुर के पास तलाश कर लिया। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने जब युवक से 'डेथ' की स्पेलिंग लिखवाई तो उसने वही गलत स्पेलिंग लिखी जो उसने पहले संदेश में लिखी थी। इस प्रकार मामले का खुलासा हो गया और युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। जादौन ने बताया कि पांच जनवरी को पिहानी थाना क्षेत्र के बंदरहा गांव निवासी ठेकेदार संजय कुमार ने पुलिस को सूचना दी कि उसे किसी अज्ञात नंबर से सूचना मिली है कि उसके भाई संदीप (27) का अपहरण कर लिया गया है और उसकी रिहाई के लिए 50 हजार रुपये की फिरौती मांगी गई है। फिरौती के पत्र में कहा गया था कि अगर उसने रकम नहीं दी तो उसके भाई की 'डेथ' हो जाएगी। संजय के पास 13 सेकेंड का एक वीडियो भी मिला है, जिसमें उसका भाई रस्सी से बंधा हुआ दिखाई दे रहा है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 'डेथ' शब्द की गलत स्पेलिंग से संकेत मिला कि घटना में शामिल लोग पढ़े-लिखे नहीं थे। उन्होंने कहा कि संजय की किसी से दुश्मनी नहीं थी और फिरौती की रकम भी बड़ी नहीं थी, इसलिए संदेह पैदा हुआ। मोबाइल लोकेशन के आधार पर तलाशी के दौरान पुलिस ने संदीप को रूपापुर में पाया और संदेह के आधार पर उससे पूछताछ की गई। इसी दौरान उससे उसके अपहरण के बारे में एक आवेदन लिखने को कहा गया, जिसमें उसने फिर से 'डेथ' शब्द का उल्लेख किया। जादौन के अनुसार, 'डेथ' शब्द की स्पेलिंग फिरौती के पत्र में गलत थी और संदीप ने आवेदन में भी वही गलती की।

एसपी ने कहा कि बाद में उसने अपने अपहरण की झूठी कहानी गढ़ने की बात कबूल की और पुलिस को बताया कि उसे टीवी पर सीआईडी धारावाहिक देख कर अपने भाई से पैसे ऐंठने का आइडिया आया।

पुलिस ने कहा कि संदीप पाली इलाके में मिर्जापुर गन्ना खरीद केंद्र में काम करता है

## महाराष्ट्र में बस और ट्रक की टक्कर में 19 यात्री घायल

सांगली । महाराष्ट्र के सांगली जिले के तनांग फाटा में नागपुर-रत्नागिरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को एक ट्रक और महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस की टक्कर में 11 छात्रों सहित कम से कम 19 यात्री घायल हो गए। मिराज तहसील ग्रामीण पुलिस के अनुसार, एमएसआरटीसी बस मिराज से जाट जा रही थी। तनांग फाटा में एक मल्टी-एक्सल ट्रक ने मोड़ पर एक बस को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 11 छात्रों सहित 19 यात्री घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए मिराज के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया। हादसे के बाद दोनों तरफ वाहनों का आवागमन प्रभावित हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद मिराज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक को सड़क से हटवाकर यातायात को चालू कराया।

## ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से लूटपाट का, स्वाट टीम बुलंदशहर ने 48 घंटे में लूट की घटना का किया खुलासा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। सिकंदराबाद बुलंदशहर जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 07/08.01.2025 की रात्री को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम व स्वाट टीम ग्राम शेरपुर के पास रात्री गश्त/भ्रमण में मामूर थी तभी 02 बाइक पर संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये जिनको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुके तथा बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए बाइक को तेजी से मोड़कर ग्राम शेरपुर के जंगल की ओर कच्चे रास्ते पर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश गोली लगने से घायल हो गये जिनको गिरफ्तार किया गया व अभियुक्तों की निशादेही से अन्य 03 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 01. निशान्त उर्फ निक्की पुत्र विनोद गुर्जर निवासी ग्राम खेडी भनौता थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्धनगर (घायलावस्था) 02. शुभम उर्फ बाबा पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम आदमपुर थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर (घायलावस्था) 03. रवि बैंसला पुत्र भंवर सिंह निवासी ग्राम ऐंची कलां थाना परिक्षितगढ़ जनपद मेरठ 04. धर्मवीर पुत्र धर्मसिंह निवासी मौ0 कायस्तवाड़ा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर 05. अनुज सरदार पुत्र जसराम सिंह निवासी ग्राम तकीपुर थाना नहटौर जनपद बिजनौर के रूप में हुई हैं, घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाशों के कब्जे से लूटे गये 50,100/- रुपये, अवैध असलहा, कारतूस, चैक बुक, एटीएम कार्ड व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे हैं जिनके द्वारा दिनांक 05.01.2025 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत बैंक ग्राहक सेवा संचालक से 1,90,000/- रुपये लूट की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 12/25 धारा 309 (6) बीएनएस पंजीकृत है।

## श्रीमद् भागवत कथा में सातवें दिन श्रीकृष्ण भगवान के 16,108 विवाहों व सुदामा चरित्र को बहुत सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस





बुलंदशहर। गुलावठी नगर गुलावठी में कथावाचक पंडित सौनेन्द्र कृष्ण शास्त्री(श्री धाम वृंदावन) वालों के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में सातवें दिन श्रीकृष्ण भगवान के 16,108 विवाहों व सुदामा चरित्र को बहुत सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया कथावाचक पंडित सौनेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कथा के माध्यम से बताया कि कैसे भगवान श्रीकृष्ण के 16108 विवाह हुए। कथा वाचक ने कहा भगवान कृष्ण की पत्नियों को पटरानियां कहा जाता है। भगवान श्रीकृष्ण की 8 पत्नियां थी। जिनके नाम रुक्मणि, जाम्बवन्ती, सत्यभामा, कालिन्दी, मित्रबिन्दा, सत्या, भद्रा और लक्ष्मणा था। दानव से मुक्त हुए कन्याओं का किया वरण -पुराणों में उल्लेख है कि एक दानव भूमासुर ने अमर होने के लिए 16 हजार कन्याओं की बलि देने का निश्चय कर लिया था। श्रीकृष्ण ने इन कन्याओं को कारावास से मुक्त कराया और उन्हें वापस घर भेज दिया। इस तरह भूमाशूर नाम के राक्षस से छुड़ाई गई 16 हजार कन्याओं ने कृष्ण को अपना पति मान लिया। इस तरह श्रीकृष्ण की 16 हजार एक सौ आठ रानियां हुई। वही कथावाचक ने सुदामा चरित्र के बारे में बहुत सुंदर उपदेश दिया कि मित्र ऐसा होना चाहिए जो हमारे कष्ठ को बिना बताये भी समझ जाएं। आगे उन्होंने बताया कि सुदामा ने भगवान से कुछ नही मांगा फिर भी भगवान ने सुदामा के भाव को समझकर सब कुछ प्रदान कर दिया। इस मौके पर आयोजक धीरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ आनंद शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंघल, राजीव सैनी,भाजपा नेत्री विद्यावती तोमर,राजवीर,राकेश कौशिक (गुरु जी), ओमप्रकाश कौशिक, राजेश निराला, तिरलोक चंद शर्मा, योगेश शर्मा, दीपक शर्मा, हेमंत, प्रियांशु सहित सैकड़ो की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## पीएम नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने त्रिपुरा सीएम माणिक साहा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली । त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा का आज जन्मदिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नितिन गडकरी ने समेत कई नेताओं ने मुख्यमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। अपने विनम्र और मेहनती स्वभाव के कारण वे त्रिपुरा के लोगों के प्रिय बन गए हैं। राज्य के सर्वांगीण विकास पर उनके ध्यान के कारण अच्छे परिणाम सामने आए हैं। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी सीएम को जन्मदिन की बधाई देने के लिए एक्स का सहारा लिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। यह अवसर खुशियां लेकर आए और आने वाला वर्ष स्वास्थ्य और समृद्धि से भरा हो। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने एक्स पर पोस्ट किया, त्रिपुरा के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

प्रभु श्री राम से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुयश पूर्ण जीवन की कामना करता हूं। वहीं, भाजपा नेता बीएल वर्मा ने एक्स पर पोस्ट किया,त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा को जन्मदिन की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं। मां त्रिपुर सुंदरी से आपके लिए उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की प्रार्थना है।

आपके नेतृत्व में राज्य प्रगति के नित नए आयाम बनाता रहे, ऐसी कामना है। बता दें कि आज त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा का जन्मदिन है। साहा का जन्म 8 जनवरी 1953 को हुआ था। वह 72 साल के हो गए हैं।

## अभिनेत्री पूनम ढिल्लों के घर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



मुंबई । बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री रहीं पूनम ढिल्लों के मुंबई खार स्थित आवास में चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का पहचान 37 वर्षीय समीर अंसारी के रूप में हुई है। मुंबई पुलिस ने बताया कि पेंटर समीर अंसारी (37) को अभिनेत्री पूनम ढिल्लों के खार स्थित घर से हीरे का हार, 35,000 रुपये नकद और अमेरिकी डॉलर चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पेंटिंग के काम के लिए आए अंसारी ने खुली अलमारी से कीमती सामान चुराया और पुलिस पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध कबूल कर लिया है। मुंबई पुलिस के अधिकारी ने बताया कि आरोपी को 6 जनवरी को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि अभिनेत्री मुख्य रूप से जुहू में रहती हैं। जबकि उनका बेटा अनमोल खार में स्थित घर में रहता है। यहां पर पूनम ढिल्लों कभी-कभी रुकती थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी अंसारी फ्लैट की पेंटिंग करने के लिए 28 दिसंबर से 5 जनवरी के बीच अभिनेत्री के घर ही पर था। इस दौरान, उसने कीमती सामान चुराने के लिए खुली अलमारी का फायदा उठाया। अंसारी ने एक खुली अलमारी देखी और मौके का फायदा उठाकर चोरी कर ली। आरोपी ने चोरी किए गए कुछ पैसों से पार्टी भी की। आरोपी अंसारी को पुलिस ने बुलाया और जब पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया। पूनम ढिल्लों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने 80 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। पूनम ढिल्लों ने अपने करियर की शुरुआत 1977 में की। वह 1980 के दशक में चर्चित अभिनेत्रियों में शुमार हो गईं। पूनम ढिल्लों ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म त्रिशूल से की थी, जिसमें उनका छोटा सा रोल था। हालांकि, उनकी पहली बड़ी फिल्म नूरी थी। उनकी यह फिल्म हिट रही और उनकी पहचान बनी।

## एनएसओ के कम विकास दर रहने के अनुमान पर मायावती ने जताई चिंता



लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा चालू वित्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय आय के जताए गए अग्रिम अनुमान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसको लेकर अगर कोई वास्तव में दुखी है तो वह देश के गरीब एवं मेहनतकश समाज के लोग हैं। एनएसओ के चालू वित्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय आय के अग्रिम अनुमान के मुताबिक, देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, विकास दर चार वर्षों में सबसे कम 6.4 प्रतिशत रह सकती है। अखबारों में यह आज प्रमुख खबर है, जिसको लेकर अगर कोई वास्तव में दुखी है तो वह देश के गरीब एवं मेहनतकश समाज के लोग हैं जो अपनी बदहाल जिन्दगी के बावजूद देश के बारे में कुछ भी अहित सुनने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह उन करोड़ों लोगों की भावनाओं की कद्र करते हुए उनके 'अच्छे दिन' के लिए संकीर्ण राजनीति को त्यागकर जन व देशहित की चिन्ताओं पर ध्यान केन्द्रित करे। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी करते हुए मंगलवार को कहा कि देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2024-25 में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी। अगर ऐसा होता है तो देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2020-21 के बाद सबसे धीमी गति से बढ़ेगी।

## उन्नाव में विक्षिप्त ने शिवलिंग को किया खंडित,गिरफ्तार

उन्नाव । उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में बुधवार (8 जनवरी) को एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई, जहां एक मानसिक विक्षिप्त युवक ने द्वापर युग में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा बनाए गए शिव मंदिर के शिवलिंग को खंडित कर दिया. युवक ने केवल एक नहीं, बल्कि दो अन्य मंदिरों के शिवलिंग भी छेनी और हथौड़ी से तोड़ दिए. इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उन्नाव जिले के बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार सुबह जब पुजारी पूजा करने पहुंचे तो मंदिर का शिवलिंग टूटा हुआ था, जिससे उनके होश उड़ गए. यह खबर जैसे ही इलाके में फैली, सैकड़ों शिव भक्त मंदिर के आसपास इकट्ठा हो गए. इसके बाद बिहार थाना क्षेत्र के वनखंडेश्वर महादेव मंदिर के शिवलिंग के टूटने की भी सूचना मिली, जिसने लोगों के गुस्से को और बढ़ा दिया. हिंदूवादी नेता विमल द्विवेदी भी घटना की जानकारी मिलने के बाद अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे मानसिक विक्षिप्त युवक ने किया शिवलिंग का भंग हालांकि, पुलिस ने जांच के बाद पुरवा क्षेत्र के एक मानसिक विक्षिप्त युवक अवधेश कुर्मी को गिरफ्तार किया. फिलहाल, पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी बीमार थी और इलाज के बावजूद वह ठीक नहीं हो पाई, जिसके कारण उसने गुस्से में आकर शिवलिंग तोड़ डाले. पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है हिंदूवादी नेताओं ने उठाए सवाल इस घटना के बाद हिंदूवादी नेता विमल द्विवेदी ने इस मामले में एक ही आरोपी के द्वारा कई मंदिरों को तोड़े जाने पर सवाल उठाए. उन्होंने अन्य लोगों के शामिल होने की आशंका जाहिर की और मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की. इसके साथ ही, उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि थानाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने हिंदू समुदाय के लोगों के साथ अभद्रता की है आश्वत्थामा से जुड़ी है मंदिर की पौराणिक मान्यता मंदिर के पुजारी राकेश कुमार गोस्वामी ने बताया कि बिल्लेश्वर महादेव मंदिर का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है. यह मंदिर द्वापर युग का है, जिसकी स्थापना भगवान श्रीकृष्ण ने की थी. स्थानीय मान्यता के अनुसार, इस मंदिर पर पहला जलाभिषेक अश्वत्थामा ही करते हैं, और उनकी पूजा के बाद ही अन्य पूजा होती है पुलिस कार्रवाई पर क्या बोले एडिशनल एसपी ?

इस मामले में उन्नाव पुलिस के एडिशनल एसपी अखिलेश सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. इसके साथ ही आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है. फिलहाल, पुलिस ने घटना की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है.

# श्री चंडी मंदिर के चुनाव को लेकर राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । पक्का बाग चंडी रोड पर स्थित श्री चंडी मंदिर के चुनाव को लेकर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के तत्वाधान में रेलवे रोड पर स्थित आर के प्लाजा में बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया और प्रेस वार्ता के दौरान श्री चंडी मंदिर समिति के प्रधान पद के प्रत्याशी संजय गुप्ता ने बताया कि माँ चण्डी महारानी के भक्तों और मन्दिर समिति के सदस्यों से सादर अनुरोध है कि श्री चण्डी मन्दिर सेवा ग्रुप के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को अधिक से अधिक मत देकर विजयी बनाकर माँ चण्डी महारानी की सेवा करने का अवसर प्रदान करें। मतदान 12 जनवरी 2025 दिन रविवार, प्रातः 9 बजे से 4 बजे तक मतदान स्थल - एस.एस.वी. इंटर कॉलेज, दिल्ली रोड, हापुड़ में संपन्न होंगे। हम प्रतिज्ञा पत्र द्वारा शपथ लेते हैं कि श्री चंडी मंदिर प्रबंधन समिति रजि0 हापुड़ के सभी कार्य पूर्णतया पारदर्शी, प्रबंध समिति की स्वीकृति एवं विभिन्न कमेटियां बनाकर पूर्ण जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराए जाएंगे। श्री चंडी मंदिर में सभी पर्वो पर होने वाले आयोजन और अधिक भव्य एवं सुसज्जित तरीके से जिसमें अपव्यय ना हो का पूर्ण ध्यान रखकर सभी के सहयोग से कराए जाएंगे।,मंदिर में सुरक्षा की दृष्टि से सिक्योरिटी गार्ड की नियुक्ति की जाएगी व पर्याप्त मात्रा में और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवा कर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सुधार किया जाएगा। जिसे पूर्ण पारदर्शिता बने रहे। मां चंडी महारानी के भवन में चांदी के होने वाले कार्य को समी भक्तों के सहयोग से अत्यंत भव्य तरीके से शीघ्र ही पूर्ण कराया जाएगा, एकादशा एवं पितरों के स्थान के अधूरे निर्माण को भव्य तरीके से शीघ्र अति शीघ्र पारदर्शी तरीके से पूर्ण कराया जाएगा, धर्मशाला के निर्माण में विभिन्न संस्थाओं के विवादों को आपसी सामंजस्य से शीघ्र समाधान कराकर पूर्ण कराया जाएगा।,धर्मशाला का निर्माण अनेक सामाजिक, धार्मिक कार्य को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। एकादशा एवं धर्मशाला में पार्किंग की उचित व्यवस्था कर मंदिर आने-जाने के लिए एक अन्य मार्ग का निर्माण कराया जाएगा।




जिसका उपयोग बड़े आयोजनों पर सुगम आवागमन के लिए किया जाएगा, चंडी रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम करने के लिए प्रशासन के सहयोग से रोड प्लान तैयार कर सुव्यवस्थित किया जाएगा ,पुजारियों एवं कर्मचारियों के निवास की उचित व्यवस्था कराई जाएगी। मंदिर भवन व प्रांगण को आधुनिक रूप से सुसज्जित किया जाएगा। जिससे बड़े आयोजनों पर टेंपरेरी व्यवस्था की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथ ही जहाँ आवश्यकता होगी फर्श के पत्थरों को आधुनिक रूप प्रदान किया जाएगा व सफाई व्यवस्था के लिए भी आधुनिक मशीनों की व्यवस्था की जाएगी। इसमें मंदिर का कार्य करने वाले विशेषज्ञ आर्किटेक्ट का सहयोग लिया जाएगा। मंदिर में दर्शन, पूजन, प्रसाद वितरण को अधिक सुगम बनाया जाएगा, प्रत्येक सप्ताह वरिष्ठ डॉक्टर द्वारा निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा कैंप एवं निशुल्क दवाई वितरण का कार्य किया जाएगा,प्रत्येक माह मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ डॉक्टर एवं अन्य हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें डेंटल, आई आदि कैंप का आयोजन होगा जिसमें निशुल्क दवाई वितरण मी कराया जाएगा,मां भगवती चंडी महारानी के नाम से मंदिर प्रबन्ध समिति के सानिध्य में श्री चंडी कन्या विद्यालय की स्थापना की जाएगी जिसमें विशेष आर्थिक सहयोग प्रधान पद के प्रत्याशी संजय गुप्ता (टायर वाले) का रहेगा व अन्य दानप्रिय जनता से भी सहयोग लिया जाएगा, समिति के वरिष्ठ 18 सदस्यों की सदस्यता जो पूर्व में गलत तरीके से निरस्त कर दी गई थी उनकी सदस्यता प्राथमिकता के आधार पर बहाल की जाएगी, समिति के नियम अनुसार एवं पारदर्शी तरीके से नए आजीवन सदस्य बनाए जाएंगे। समिति के सभी वाद विवाद जो की विभिन्न न्यायालय में पेंडिंग है उन सभी का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा, अन्य संभी संपत्तियों की उचित देखभाल व संरक्षण प्रदान किया जाएगा, आय व्यय का विवरण हर वित्तीय वर्ष में पूर्णतया पारदर्शिता के साथ सभी सदस्यों के समक्ष हो। श्री चण्डी मन्दिर सेवा ग्रुप पद के प्रत्याशी संजय गुप्ता (टायर वाले),मंत्री पद के प्रत्याशी राजीव गर्ग दलियाने वाले (व्यापारी नेता),कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुनील गर्ग,उपप्रधान पद के प्रत्याशी जयप्रकाश वर्मा (मन्नी),उपमंत्री पद के प्रत्याशी अंकुर कंसल (दाल मिल वाले),ऑडिटर पद के प्रत्याशी गौरव सर्राफ (बिट्टल) सदस्य कार्यकारिणी पद के लिए बैलट न0 1 आदित्य गोयल दाल चावल वाले,5 से अंकुर जिन्दल (जिन्दल कसेरे,बैलट नं0 8 दीपांशु कानोडिया एडवोकेट डेरी वाले), 9 से देवेश शर्मा मा काही मैय्या पालकी गंदा समिति,बैलट न0 11 दिनेश गर्ग चीनू (नगीले वाले) श्री जगन्नाथ सेवा समिति,13 से जयभगवान गौतम गौतम टासपोर्ट वाले,15 से करूण कसल (छोटू) पक्का बाग (गैस वाले),16 से मनीष गर्ग श्री जगन्नाथ सेवा समिति,17 से मोहित बंसल बैंक वाले जैल कैफ वाले,19 से नितिन कुमार (पटवारी)21संजीव कुमार लस्सी वाले,22 सारंग अग्रवाल श्री गायत्री ऑफसेट, 23 से शुभम मित्तल अशोक जौनों बर्तन वाले,25 से वैभव गुप्ता जीतू श्री जगन्नाथ सेवा समिति, 30 से योगेश सिहंल बारदाने आदि प्रत्याशियों खड़े हुए हैं और लोगों से अपील की है कि वोट डालने के लिये श्री चण्डी मन्दिर प्रबंधक समिति (पंजी0) चण्डी रोड, हापुड़ द्वारा जारी सदस्यता कार्ड अवश्य साथ लायें।

# कबीर साहित्य परिषद -भारत की मासिक काव्य गोष्ठी सम्पन्न हुई




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष मा. सुरेन्द्र खेड़ा ने की मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि विजय वत्स व मुख्य अतिथि हाफिज मोहम्मद अरशद जी ने की। गोष्ठी कि शुरुआत डा.सागर की सर्वधर्म समभाव की प्रार्थना से प्रारंभ हुई। गोष्ठी के आयोजक उस्ताद जमशेद माहिर जी पढ़ा कि.....हम से रसमन ही मिला है वो। मिला है जब भी कैसे ओरों से मिलता होगा।। कवि विजय वत्स जी ने पढ़ा कि...हम तो सबसे ही प्यार करते हैं। जान सब पर ही, निसार करते हैं।। बेख़ौफ़ शायर डा.नरेश सागर ने पढ़ा कि.... खुदगर्जी की ओढ़ के चादर,सोए हुए हैं शहर के लोग। अपने मतलब की दुनिया में,खोए हुए शहर के लोग।। कवि सुरेन्द्र खेड़ा ने कुछ यूं पढ़ा कि.....शक चोरी का था तो बताया क्यूं था। चोर को पड़ोस में बसाया क्यूं था।। डा.सुनील सरकार ने पढ़ा कि... कोई तो मिलेगा यूं सफ़र में। यूं बैचेन होना भी अच्छी बात नहीं। संस्था के संस्थापक/महासचिव डा. सागर ने ये भी कहा कि....हमनें हाथ पकड़ने सीखें है टांग खींचना नहीं। उपस्थित कवियों में अंकित इंकलाब, मुकेश प्रजापति, विजय वर्मा हिंद, बुद्ध प्रकाश नबाव, सचिन सागर, लोकेश अकेला , रजनीश पायलेट आदि उपस्थित रहे साझा मंच संचालन अंकित इंकलाब व डा.सुनील सरकार ने किया।

# आबिद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सेशन 2 का आयोजन जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ग्राउंड में किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । आबिद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सेशन 2 का आयोजन जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ग्राउंड में किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह, विशिष्ट अतिथि अभिषेक त्यागी अध्यक्ष/ मजिस्ट्रेट सीडब्लूसी, इमरान इलाही राष्ट्रीय महासचिव जदयू, मो0 दानिश कुरेशी चेयरमैन सोसायटी, आयुष सिंघल मैनेजिंग डायरेक्टर जेएमएस ग्रुप आदि ने संयुक्त रूप से किया। तो वहीं आबिद मेमोरियल सीजन 2. का पहला मैच आबिद रेड व आबिद ग्रीन के बीच खेला गया,आबिद रेड के कप्तान आसू ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग ली, आबिद ग्रीन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर 123 रन बनाकर ऑल आउट हो गये। आबिद रेड के कप्तान आसू ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए बाद में 123 रन का चेज करते हुए आबिद रेड की तरफ से तैमूर ने 49 रन व सोहेल ने 28 रन बनाऐ। पांच विकेट के गिरने पर आबिद रेड ने लक्ष्य हासिल कर लिया,अंत में जीशान ने 16 रन व विजेंद्र ने 12 रन



बनाकर आबिद रैड टीम को जीत दिलाई। आबिद ग्रीन की तरफ से मो सलमान ने तीन विकेट लिए व एक टैलेंटिड 11 साल के आरफ शमीम ने चार ओवर में किफायती गेंदबाजी करते हुए 20 रन देकर दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच कप्तान आसू को दिया गया, बेस्ट बैट्समैन तैमूर अली खान, बेस्ट बॉलर मो सलमान रहे, आबिद ग्रीन के कप्तान मोहसिन खान ने आबिद रेड के विजय होने पर आबिद रेड के कप्तान आशु को मुबारकबाद दी। कैप्टन आशु, शादाब, मोहसिन जानकारी देते बताएं कि 7 जनवरी से 31 जनवरी तक आबिद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 7 जनवरी से 13, 14, 16, 20, 21 व 31 जनवरी को क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन होगा। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह, अभिषेक त्यागी अध्यक्ष/ मजिस्ट्रेट सीडब्लूसी, इमरान इलाही राष्ट्रीय महासचिव जदयू, मो दानिश कुरेशी ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका हापुड, आयुष सिंघल डायरेक्टर, कैप्टन आशु, तैमूर अली टीएफसी,हाजी साजिद, मो मोहसिन, एडवोकेट मो उमर, शादाब एडवोकेट,काशिफ खान, परवेज अली, आसिफ, नवनीत, सलीम, बुल्टा, मो इमरान, समीर, सलमान, राशिद,साजिद खान,एडएम सिरोही, अफजाल कुरैशी,जैद अंसारी, सैफ अली खान अदनान आदि उपस्थित रहे।

# जिला कमेटी छात्र सभा हापुड़ की मासिक बैठक संपन्न हुई




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। हापुड़ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा ई0विनीत कुशवाहा के आदेशानुसार बुधवार को जिला कमेटी छात्र सभा हापुड़ की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय बुलंदशहर रोड पर संपन्न हुई और बैठक में उपस्थित पदाधिकारी को कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए छात्र सभा जिलाध्यक्ष रवींद्र यादव ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार 2027 को चुनाव को लेकर हर जिले की वोटर लिस्ट आ चुकी है हर कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर जाकर बूथ की जांच करें। जिनकी वोट काट दी गई है। उन पर कार्य करें। उन वोट को फिर से बनवाने का कार्य करे। 27 जनवरी से चलने वाला पीडीए प्रोग्राम का प्रचार-प्रसार गांव गांव जाकर समाजवादी छात्र सभा द्वारा किया जाएगा और जिलाध्यक्ष रविन्द्र यादव द्वार निशू यादव सिंभावली को छात्र सभा का जिला उपाध्यक्ष लवी तोमर निजामपुर को जिला सचिव के पद पर मनोनीत पत्र देते हुए समाजवादी छात्र द्वारा बनाया गया। मीटिंग में स्थित शालू जोहरी, रमन जाटव जिला महासचिव, छात्र सभा विनोद यादव ,जिला उपाध्यक्ष आसिफ चौधरी,प्रशांत जाटव, हिमांशु जाटव, आरिफ सिद्दकी,श्याम सुंदर भुर्जी, माधव शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# जरूरतमंदों को 101 जोड़ी जूते, मौजे, टोपी आदि वितरित किये



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । भारत विकास परिषद सृजन शाखा परिवार के द्वारा भयंकर सर्दी के मौसम में रात्रि में जरूरतमंदों को 101 जोड़ी जूते, मौजे, टोपी आदि वितरित किये। आपको बता दें परिषद के सदस्यों के द्वारा रेलवे रोड, हनुमान मंदिर, रैनबसेरा, रेलवे स्टेशन पर अलग अलग टीम बना कर सर्दी में जरूरतमंद लोगों की मदद की गई। जिसको करके सभी सदस्यों को आंनद की अनुभूति प्राप्त हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रांतीय चेयरमैन- मोहित अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन- गोविंद अग्रवाल, प्रांतीय सयोंजक- सौरभ अग्रवाल, जिला सयोंजक- दीपक गर्ग, अध्यक्ष- आशीष मित्तल, सचिव- सचिन कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष- पंकज कंसल, शाखा कार्यक्रम सयोंजक- सजल अग्रवाल, एवं कपिल अग्रवाल, निखिल गुप्ता, येशु अग्रवाल, नितिन बंसल, अशोक अग्रवाल, भुवन जैन, अवनीश गोयल, कपिल बंसल, नलिन बंसल, विपुल अग्रवाल सहित काफी सदस्यों का सहयोग रहा।

# पुत्रवधू और उसके माता-पिता समेत पांच पर केस दर्ज




गाजियाबाद । स्वर्ण जयंतीपुरम में रहने वाले व्यक्ति ने पुत्रवधू, उसके माता-पिता तथा दो अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ितों के मुताबिक आरोपियों ने मैनगेट और घर के बाहर खड़े वाहनों को तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस बुलाने पर आरोपी फरार हो गए। मधुबन बापूधाम पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। स्वर्ण जयंतीपुरम में रहने वाले लोकेश कुमार गुप्ता का कहना है कि उनके बेटे शशांक गुप्ता का अमरोहा परिवार न्यायालय में आपसी सहमति से तलाक का केस चल रहा है। 25 नवंबर को कोर्ट में तारीख थी, जिसमें बेटा शशांक ने कोर्ट जाकर हाजिरी दर्ज कराई थी। उसी दिस शाम करीब साढ़े छह बजे उनकी पुत्रवधू आशी गुप्ता, उसकी मां सीमा गुप्ता, पिता बिजेंद्र गुप्ता और दो अज्ञात व्यक्ति उनके घर के बाहर आ धमके और रात पौने 11 बजे तक बैठे रहे। लोकेश कुमार गुप्ता का कहना है कि शाम के वक्त परिवार के लोग काम से बाहर गए हुए थे। इस दौरान पड़ोसियों ने फोन करके बताया कि चार लोग उनकी पुत्रवधू आशी गुप्ता को लेकर आए हुए हैं और घर में जबरन घुसने की कोशिश कर रहे हैं। घर में किसी के न मिलने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए चले गए। आरोप है कि देर रात आरोपी फिर से घर की गैलरी में आ घुसे तथा उनके मैन गेट तथा बाहर खड़े वाहनों को तोड़ने का प्रयास किया। डायल-112 पर फोन करने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के संबंध में लोकेश कुमार गुप्ता ने मधुबन बापूधाम थाने में शिकायत दी। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा द्वारा बृजघाट गढ़मुक्तेश्वर में 15 वे वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से हुए निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा द्वारा बृजघाट गढ़मुक्तेश्वर में 15 वे वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से हुए निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को किए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं बृजघाट स्थल पर साफ-सफाई के निर्देश दिए। इसके उपरांत डीएम ने गंगा जी में लगे फ्लोटिंग जेट्टी का निरीक्षण किया। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा को दर्शनधाम गौशाला का निरीक्षण किया गया जहां पर संरक्षित गोवंश को जिलाधिकारी द्वारा खाना भी खिलाया गया। उन्होंने गौशाला में संरक्षित सभी गोवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा -चारा एवं साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी गढ़,अधिशाषी अधिकारी गढ़ मुक्तेश्वर,अवर अभियंता गढ़ उपस्थित रहे।

# बाबूगढ़ के थाना प्रभारी ने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए



उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार

हापुड़। जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ कोतवाली के प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने पुलिस बल के साथ बाबूगढ़ क्षेत्र में पैदल गश्त की और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। बाबूगढ़ के थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ बाबूगढ़ रोड पर पहुंचे जहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा और संबंधित को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बाबूगढ़ के थाना प्रभारी ने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ की और सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा। बाबूगढ़ के थाना प्रभारी ने बाबूगढ़ रोड, मुख्य मार्ग, संपर्क मार्ग का निरीक्षण किया और संबंधित को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस का कहना है कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने संबंधित को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए और क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाए।

# ब्रेकर पर ट्रॉली उछलने से गिरा मजदूर ट्रैक्टर के नीचे आया, मौत

गाजियाबाद । मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में ब्रेकर पर ट्रॉली उछलने के कारण उसमें बैठा मजदूर सड़क पर आ गिरा। ट्रैक्टर से कुचलने के कारण मजदूर की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया। वहीं, दूसरी घटना कविनगर क्षेत्र में हुई जहां तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटर सवार पंप मैनेजर घायल हो गया। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार सुबह करीब सवा नौ बजे मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के मोरटा गांव स्थित बागवाला मोहल्ले में ट्रैक्टर से गिरने के कारण युवक की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने




मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। इसमें पता चला कि बागपत के गांव निवाला निवासी 18 वर्षीय आरिश उर्फ छोटू पुत्र गुलशेर मुरादनगर थानाक्षेत्र के भिक्कनपुर गांव स्थित ईंट भट्ठे पर परिजनों के साथ मजदूरी करता था। बुधवार सुबह वह ईंट लेकर आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ आ रहा था। एसीपी के मुताबिक आरिश ट्रॉली में बैठा था। मोरटा गांव में ब्रेकर आने पर ट्राली उछल गई, जिससे उसमें बैठा आरिश नीचे आ गिरा और ट्रैक्टर से कुचलकर उसकी मौके पर मौत हो गई। एसीपी का कहना है कि आरोपी ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है। परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, दूसरी घटना में नेहरू नगर थर्ड निवासी बलराम कुमार का कहना है कि मूलरूप से जिला मधुबनी बिहार के रहने वाले हैं और डासना स्थित अरिहंत पेट्रोल पंप पर काम करते हैं। दो जनवरी की रात करीब नौ बजे वह अपने स्कूटर से नेहरू नगर जा रहे थे। उनके पीछे पंप मैनेजर पप्पू भी बैठे हुए थे। आरोप है की सीबीआई अकादमी के सामने पीछे से तेज रफ्तार कार ने स्कूटर में टक्कर मार दी, जिससे मैनेजर पप्पू सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बलराम कुमार के मुताबिक कार तालक कुछ दूर तक स्कूटर को घसीटते हुए ले गया। घटना के संबंध में बलराम कुमार ने सात जनवरी को कविनगर थाने में शिकायत दी। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी कार चालक को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

# जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ में बंदरों का ज़बरदस्त आतंक है




उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़। जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ में बंदरों का ज़बरदस्त आतंक है। बंदरों के उत्पात से लोग परेशान हैं। कुचेसर चौपला में बंदरों का झुंड कभी भी लोगों पर हमला कर देता है जिसकी वजह से आने जाने वाले लोगों को काफी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की मांग है कि बंदरों को पकड़ा जाए जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिले। बाबूगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में बंदरों के उत्पात से लोग परेशान हैं जिन्होंने विभाग से बंदरों को पकड़वाने की मांग की है। हालात यह है कि यह बंदर कभी भी उत्पात मचाना शुरू कर देते हैं, लोगों पर हमला कर देते हैं। यह बंदर कई लोगों को काट चुके हैं। लोगों का कहना है कि जल्द से जल्द बंदरों को पकड़ा जाए।

# एटीएम कार्ड बदलकर युवती के खाते से 80 हजार निकाले

ट्रांस हिंडन । शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र स्थित एक्सटेंशन दो में रहने वाली एक युवती का एटीएम मशीन से पैसे निकालने के दौरान शातिर ने कार्ड बदल दिया और फिर कुछ देर बाद उसके खाते से 80 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल फोन पर मैसेज आने के बाद युवती को अपने साथ हुई ठगी का पता चला। पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन दो निवासी गणेशी देवी के अनुसार सोमवार को वह शालीमार गार्डन में ही स्थित हनुमान मंदिर के सामने यूनियन बैंक के एटीएम पर पैसे निकालने गई थी। पीड़ित के अनुसार खाते से 20 हजार रुपये निकालने के दौरान




वहां मौजूद एक आदमी ने उसे बातों में लगाकर उलझा दिया और पता नहीं कब उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। कुछ देर बाद आरोपी ने दूसरे एटीएम से उसके खाते से एटीएम कार्ड का प्रयोग करके 80 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल फोन पर खाते से इतनी मोटी रकम निकलने का मैसेज आने के बाद पीड़िता को अपने साथ हुई ठगी का पता चला। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जिस एटीएम बूथ से पैसे निकाले गए हैं उससे संबंधित बैंक शाखा से वहां की सीसीटीवी फुटेज मंगाकर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# गैंगस्टर अपराधी की 5 लाख 24 हजार रुपए की हापुड़ पुलिस ने संपत्ति की कर्क किया गया





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत एक शातिर अपराधी द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गयी चल सम्पत्ति 2 मोटरसाइकिल व एक कार (वैन्यू) (जिनकी वर्तमान कीमत करीब 5 लाख 24 हजार रुपए रुपये) को कुर्क किया गया। तो वहीं थाना पिलखुवा प्रभारी निरीक्षक बताया कि जनपद में शातिर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा थाना धौलाना के मु0अ0सं0 93/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त वसीम पुत्र समीम अली उर्फ शमीम अहमद निवासी 102 मोहल्ला कानून गोयना थाना हापुड़ नगर द्वारा अवैध रुप से चल सम्पत्ति अर्जित की थी जिसमू 2 मोटरसाइकिल व एक कार (वैन्यू) (वर्तमान कीमत करीब 5 लाख 24 हजार रुपये) को धारा 14 (1) गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट हापुड के आदेश के अनुपालन में कुर्क किया गया। वसीम शातिर किस्म का अपराधी है जिसके द्वारा अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ हेतु अवैध संसाधनों से धन अर्जित कर 2 मोटरसाइकल व एक कार (वैन्यू) खरीदी गई थी, जिनके जब्तीकरण की कार्यवाही की गई है।

# टैक्सी के साढ़े 22 हजार मांगने पर हत्या की धमकी दी

गाजियाबाद । क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में टैक्सी के किराए के साढ़े 22 हजार रुपये मांगने पर ट्रेवल एजेंसी संचालक को हत्या की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना को दूसरे ट्रेवल एजेंसी संचालक और उसके भाई ने अंजाम दिया। पीड़ित के मुताबिक आरोपी भाइयों ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित भी किया। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र के भीमनगर में रहने वाले मोहन कुमार का कहना है कि वह मोहन टैक्सी सर्विस के नाम से ट्रेवल एजेंसी चलाते हैं। आरोप है कि मोहन टूर एंड ट्रेवल एजेंसी के संचालक प्यारे मोहन को उन्होंने अपनी टैक्सी ठेके पर दी थी। टैक्सी का किराया साढ़े 22 हजार रुपये होने पर उन्होंने प्यारे मोहन से तगादा किया। इस पर प्यारे मोहन इधर-उधर की बातें बनाने लगा। मोहन कुमार का कहना है कि एक दिन प्यारे मोहन ने उन्हें फोन किया। इस दौरान उन्होंने उससे टैक्सी का किराया मांगा तो उसने तथा उसके भाई सोलंकी पाल ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं, दोनों ने उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित भी किया। साथ ही दोनों भाइयों ने धमकी दी कि पुलिस में शिकायत करने पर अंजाम भुगतना होगा। मोहन कुमार के मुताबिक धमकी की रिकॉर्डिंग उसके पास है। घटना के संबंध में मोहन कुमार ने क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में शिकायत दी। एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# कॉलेज में खेल महोत्सव का शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा । नॉलेज पार्क स्थित ट्रिनिटी कॉलेज में शिक्षाविद दिवंगत कमल रानी टंडन की स्मृति में बुधवार को खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। मुख्यातिथि श्रेया टंडन और लक्ष्य टंडन ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को अनुशासन, परिश्रम और खेल भावना को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। संस्था के डायरेक्टर प्रो. डॉ. अभिन्न बक्शी भटनागर ने खेलकूद को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बताया और छात्रों को इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# युवाओं के दम पर बनेगी सपा सरकार - हैप्पी पंडित



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा । नव वर्ष पर नए संकल्प के साथ सरकार बनाने के लिए मैदान में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उतर चुके हैं छात्र सभा के प्रदेश सचिव यूथ समाजवादी पार्टी हैप्पी पंडित ने बताया 27 जनवरी से पी डी ए जन जागरण कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ कार्यक्रम करेंगे जनता के बीच जाकर महंगाई बेरोजगारी अपराध किसानों की मांग के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएंगे

## नोएडा में 17वीं मंजिल से गिरकर बुजुर्ग की मौत

नोएडा । नोएडा की एक सोसाइटी में 63 वर्षीय बुजुर्ग की कथित तौर पर 17वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार को सेक्टर-142 थाना क्षेत्र में सेक्टर-143 स्थित आकृति शक्ति निकेतन सोसाइटी की है और मृतक की पहचान राजकुमार त्रेहान के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज सिंह ने बताया कि त्रेहान का फ्लैट सोसाइटी में 17वीं मंजिल पर था और मंगलवार को वह संदिग्ध परिस्थितियों में अपने फ्लैट से नीचे गिर गए। उन्होंने बताया कि त्रेहान को अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिंह ने बताया, ''जांच में पता चला है कि त्रेहान कुछ दिनों से तनाव में थे। मामला प्रथम दृष्टया खुदकुशी का प्रतीत होता है। मामले में जांच जारी है।''

## अमित राठौर हत्याकांड मामले में इनामी वांछित गिरफ्तार

नोएडा । गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने अमित राठौर हत्याकांड मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रमेश झा के रूप में हुई और उसे अदालत में पेश किया जाएगा। उसने बताया कि ग्रेटर नोएडा पश्चिम की एस सिटी सोसाइटी के निवासी अमित राठौर की पिछले साल छह अक्टूबर को अगवा कर हत्या कर दी गई थी और उसका शव वारदात स्थल से 15 किलोमीटर दूर ठिकाने लगाया था। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) अशोक कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। उन्होंने बताया कि इससे पहले मामले में हिमांशु, ओमप्रकाश और सचिन नाम के आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सिंह ने बताया, ''अमित राठौर फर्जी दस्तावेज के जरिए बैंक से कर्ज दिलवाता था जिसके बदले में उसे मोटा कमीशन मिलता था। कमीशन के रुपयों को लेकर अमित का उसके साथी हिमांशु, ओमप्रकाश, सचिन और रमेश झा के साथ विवाद हो गया था। इसी विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया।'' बाद में, पुलिस ने फर्जी तरीके से कर्ज दिलवाने में मदद करने वाले बैंक के अधिकारियों को भी गिरफ्तार किया था।

## एजेंट की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा । संवाददाता ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ऐस सिटी सोसाइटी में रहने वाले अमित कुमार राठौर की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए हत्यारोपी के खिलाफ 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक पंच बरामद किया है। डेढ़ करोड़ रुपए कमीशन के पैसे को लेकर चल रहे विवाद में हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि हत्या के मुख्य आरोपी रमेश झा उर्फ रामानंद शर्मा को दादरी पुलिस की टीम ने उसके निवास स्थान जिला गढ़वा झारखंड से गिरफ्तार किया है। रमेश झा ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर 6 अक्टूबर 2024 को अमित राठौर की हत्या की थी। आरोपियों ने अमित का शव दादरी क्षेत्र में हायर कंपनी के समीप सड़क किनारे फेंक दिया था। पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए घटना में शामिल आरोपी ओमप्रकाश, सचिन और हिमांशु को गिरफ्तार किया था, जबकि रमेश झा घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस पूछताछ में पता चला था कि आरोपियों कि मृतक अमित से जान पहचान थी। अमित फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंकों से लोन करवाता था। इसमें आरोपी उसका सहयोग करते थे। बैंक लोन होने पर कमीशन के पैसे के बंटवारे को लेकर उनके बीच विवाद हुआ था। इसके चलते मुख्य आरोपी रमेश झा ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अमित की हत्या की योजना तैयार की थी और उसे घर से बुलाकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों ने अमित के सिर पर लोहे के पंच और गाड़ी का टायर खोलने वाले पौने से वार किया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी रमेश झा की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पंच बरामद किया है।

## एक ही नमूने से कई वायरस की जांच शुरू

नोएडा । बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शिक्षण संस्थान में मल्टीप्लेक्स पीसीआर की जांच शुरू कर दी गई है। इसके तहत एक ही नमूने से अलग-अलग बीमारियों के वायरस की जांच की जा रही है। इसके लिए अलग-अलग मशीन और रसायन का इस्तेमाल नहीं करना होगा। वर्तमान में बाल चिकित्सालय में इस विधि के तहत एंफ्लूएंजा एच1एन1, एंफ्लूएंजा ए, बी, एचएचएन2 समेत अन्य बीमारियों की जांच की जा रही है। स्क्रब टाइफस की जांच भी इसी के तहत की जा रही है। अस्पताल में कैंसर मरीजों की साइटमैकोला, डेंगू सीरोटाइप समेत कई अन्य जांच भी शुरू कर दी गई हैं। डेंगू सीरोटाइप के तहत डेन वन, टू, थ्री और फोर की जांच की जा रही है, जिससे तहत इस बीमारी के अलग-अलग स्ट्रेन की पहचान करने में मदद मिल रही है। अब डेंगू सीरोटाइप के 450 नमूनों की जांच की जा चुकी है। इन जांचों के लिए पहले अस्पताल को दूसरी लैब पर निर्भर रहना पड़ता था। अब ये सभी जांच अस्पताल में ही हो रही हैं, जिससे जांच रिपोर्ट जल्दी मिल रही हैं। वहीं, मरीजों को निजी लैब पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है। बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर संस्थान के माइक्रोबायलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. सुमी नंदवानी ने बताया कि भविष्य में कई अन्य जांच शुरू की जाएंगी। डेंगू और स्क्रब टाइफस पर शोध चल रहा = डेंगू और स्क्रब टाइफस बीमारी की गंभीरता पर अस्पताल में शोध चल रहा है। शोध में इसके क्या कारण हैं, किस तरह यह मरीज को प्रभावित करता है समेत कई पहलुओं की बारीकियों को समझने की कोशिश डॉक्टर करेंगे। इसी साल शोध का परिणाम आने की उम्मीद है।

## महाकुम्भ के लिए पूरी बस बुक कराने पर दो यात्रियों को मुफ्त यात्रा

नोएडा । प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुम्भ के लिए पूरी बस बुक कराने पर दो यात्रियो को मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। महाकुम्भ की समाप्ति तक यह सुविधा जारी रहेगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर की ओर से आठ जनवरी को इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी किया गया है। महाकुंभ में बसों की अग्रिम बुकिंग किए जाने पर सुविधा दी जा रही है। इसमें किसी यात्री, ग्राम प्रधान या अन्य द्वारा अपने एक समूह के लिए बुकिंग स्थल से प्रयागराज तक बस बुक कराने पर दो यात्रियों को निशुल्क सफर की सुविधा मिलेगी। बस में यात्रियों की संख्या 50 होनी अनिवार्य है। प्रयागराज से वापसी में भी यह सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसमें परिचालक द्वारा पहले से अंतिम टिकट पांच मिनट के अंदर बुक किए जाएंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि महाकुम्भ के दूसरे चरण में गाजियाबाद और मेरठ डिपो की बड़ी संख्या में बसें नोएडा डिपो होकर प्रयागराज के लिए रवाना होंगी। ऐसे में नोएडा डिपो से यात्रियों को इसकी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रोत्साहन योजना का प्रचार प्रसार डिपो और बसों में किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को इसकी सुविधा मिल सके।

# दिल्ली में सुबह घने कोहरे के बीच तापमान में भारी गिरावट



नई दिल्ली । दिल्ली में बुधवार को सुबह घना कोहरा छाने के साथ ही दृश्यता शून्य तक पहुंच गई और न्यूनतम तापमान भारी गिरावट के साथ 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) कार्यालय ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने बताया, ''पालम में रात 12 बजे दृश्यता 50 मीटर दर्ज हुई। देर रात दो बजकर 30 मिनट पर दृश्यता सुधरकर 500 मीटर हो गई, लेकिन सुबह पांच बजकर 30 मिनट पर भारी गिरावट के साथ यह शून्य पर पहुंच गई। पूरी रात पांच से सात किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।'' आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि एक दिन पहले मंगलवार को यह 10.5 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग ने बताया कि बुधवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 334 दर्ज किया गया जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बेहद खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' माना जाता है।

# शीश महल के दावों की जांच करने दिल्ली सीएम आवास पहुंचे आप नेता, पुलिस ने गेट पर रोका, हुई नोंकझोंक

नई दिल्ली । दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास को लेकर विवाद बढ़ने के बीच बुधवार को सौरभ भारद्वाज और संजय सिंह समेत आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं की बंगले के बाहर तैनात दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ नोकझोंक हो गई। आप नेताओं ने आज सुबह दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास तक मार्च निकाला और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दावों का खंडन किया। भाजपा ने मुख्यमंत्री के बंगले को %शीश महल% बताते हुए दावा किया था कि मुख्यमंत्री के आवास में स्विमिंग पूल और सोने का शौचालय है। इस बीच, दिल्ली के मंत्री भारद्वाज और सिंह पुलिस द्वारा प्रवेश न दिए जाने के बाद मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। बंगले के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ उनकी तीखी बहस भी हुई। आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा, भाजपा रोज नए वीडियो और फोटो भेजती थी। आज हम सभी मीडियाकर्मियों के साथ यहां आए हैं। अब भाजपा भाग रही है। तीन लेयर की बैरिकेडिंग लगा दी गई है। उन्होंने वाटर कैनन भी लगा दिए हैं और यहां एडिशनल डीसीपी को तैनात कर दिया है। इसे बॉर्डर में बदल दिया गया है, ताकि मीडिया अंदर न जा सके। हमें दिखाएं कि स्विमिंग पूल और बार कहां हैं। भाजपा कहती है कि सीएम आवास 33 करोड़ रुपये में बना है। यह भी कहा जा रहा है कि पीएम आवास 2700 करोड़ रुपये में बन रहा है। हम सीएम आवास और पीएम आवास दोनों देखेंगे। जनता को दोनों देखने दें। इससे पहले भारद्वाज ने भाजपा पर इस मुद्दे से भटकने



का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें डर है कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आवास भी दिखाना पड़ेगा, क्योंकि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री दोनों के आवास करदाताओं के पैसे से बने हैं। आप नेता ने कहा, कोविड के दौरान, सीएम आवास और पीएम आवास, दोनों का निर्माण करदाताओं के पैसे से किया गया था। दोनों आवासों को मीडिया के माध्यम से सभी को दिखाया जाना चाहिए। भाजपा ने दावा किया कि सीएम आवास में एक स्विमिंग पूल और एक बार है, अगर ऐसा है तो हमें इसे खोजने दें। भाजपा अब पीछे हट रही है क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्हें पीएम का आवास भी दिखाना पड़ सकता है। हम अब सीएम आवास जा रहे हैं। यह घटना मंगलवार को संजय सिंह द्वारा भाजपा को मीडियाकर्मियों के साथ मुख्यमंत्री आवास पर आने की चुनौती दिए जाने के बाद हुई है। जब आप नेतृत्व और दिल्ली पुलिस के बीच गतिरोध चल रहा था, तब भाजपा की दिल्ली इकाई ने एक वीडियो पोस्ट कर दावा किया कि यह दिल्ली के मुख्यमंत्री का आवास है। दिल्ली भाजपा ने एक्स पर कहा, भ्रष्ट और निकम्मे केजरीवाल के शीशे के महल के गंदे राज अब जनता के सामने हैं। दिल्ली की जनता इस महाठग को पहचान चुकी है। जनता समझ चुकी है कि आम आदमी के रूप में आया यह ढोंगी सिर्फ सत्ता का सुख भोगने वाला एक नाटकबाज है। दिल्ली भाजपा ने आगे कहा, झूठ और धोखा देकर सत्ता में आए केजरीवाल ने राजनीति में प्रवेश करते ही कहा था कि वह बंगला नहीं लेंगे, बल्कि दो कमरों के घर में रहेंगे। उन्होंने हलफनामे बांटे थे। उसी महाठग ने सत्ता में आते ही शीशमहल नामक लूट का अड्डा बनवाया। वह भी तब जब कोरोना जैसी महामारी से त्रस्त दिल्ली एक-एक सांस के लिए संघर्ष कर रही थी। आप विधायकों ने भाजपा के दावों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के तौर पर प्रधानमंत्री आवास तक मार्च करने की भी योजना बनाई है।

# लोकसभा चुनाव में आप के साथ समझौता करना कांग्रेस की बड़ी भूल थी - देवेंद्र यादव

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपना पिटारा खोल दिया है। कांग्रेस ने बुधवार को अपनी दूसरी गारंटी का ऐलान किया है। वहीं कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 में आम आदमी पार्टी (आप) का साथ देने के लिए अपनी गलती मानी। दिल्लीी कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की जनता के लिए सुरक्षित भविष्य का वादा करते हुए कहा कि लोकसभा के दौरान आप के साथ समझौता करना कांग्रेस की बड़ी भूल थी। उन्होंने कहा, गलती बार-बार दोहराई नहीं जाती। हम दिल्ली वासियों को यह भरोसा दिलाना चाहते हैं और उनके सामने स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि कांग्रेस यह निर्णय ले चुकी है कि वह दिल्ली में पूरी तरीके से अपने दम पर इस चुनाव को मजबूती के साथ लड़ रही है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने आगे



कहा, कांग्रेस पार्टी 70 विधानसभा पर अपने प्रत्याशी उतार रही है। 2013 में बहुत सारे लोगों को भरोसा नहीं था कि आम आदमी पार्टी को इतना बहुमत मिलेगा। मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं दिल्ली की जनता आज आम आदमी पार्टी के खिलाफ है। दिल्लीी की जनता भारतीय जनता पार्टी को भी पसंद नहीं करती। लोग आज कांग्रेस पार्टी पर ही विश्वास कर रहे हैं और हम एक मजबूत सरकार 2025 में बना कर ही रहेंगे। वहीं कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली की जनता के लिए दूसरी गारंटी का ऐलान कर दिया। दिल्ली की जनता के लिए सुरक्षित भविष्य का वादा करते हुए कांग्रेस ने हर नागरिक के लिए %स्वास्थ्य बीमा योजना% का ऐलान किया। इस गारंटी के हिसाब से दिल्लीस के प्रत्येक व्यक्ति को 25-25 लाख रुपये का बीमा मिलेगा। बता दें कि कांग्रेस ने अपनी पहली गारंटी के तहत दिल्लीक के निवासियों को 'प्यारी दीदी योजना' की सौगात दी थी। अपनी इस योजना के तहत कांग्रेस ने कहा था कि अगर दिल्ली में हमारी जीत होती है तो 2,500 रुपये की राशि सीधे महिलाओं के बैंक खातों में जाएगी।

# गणतंत्र दिवस के मद्देनजर 23-26 जनवरी तक दिल्ली के रेलवे स्टेशनों पर बंद रहेगी पार्सल सेवा

नई दिल्ली । गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजधानी के सभी रेलवे स्टेशनों पर 23 से 26 जनवरी तक पार्सल सेवा बंद रहेगी। समाचार पत्रों और पत्रिकाओं को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने एक बयान में कहा कि आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला, आदर्श नगर दिल्ली और पटेल नगर स्टेशनों पर 23 से 26 जनवरी तक सभी प्रकार के पार्सल लेन-देन (लीज्ड एसएलआर, वीपी और डिमांड वीपी सहित) प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकेज व पैकिंग से मुक्त रहेंगे और नई दिल्ली क्षेत्र के सभी स्टेशनों पर लीज्ड एसएलआर और वीपी (डिमांड वीपी सहित) सहित आवक और जावक दोनों पार्सल यातायात पर प्रतिबंध लगाया गया है। उपाध्याय ने कहा कि यात्री अपने साथ डिब्बों में सामान लेकर यात्रा कर सकते हैं। सभी व्यावसायिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पंजीकृत समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की बुकिंग की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबंध दिल्ली क्षेत्र के सभी स्टेशनों से चलने वाली ट्रेनों में सभी प्रकार के पार्सल लेनदेन (लीज्ड एसएलआर, वीपी और डिमांड वीपी सहित) पर लागू है और यह दिल्ली क्षेत्र में लोडिंग-अनलोडिंग के लिए स्टॉपेज वाले अन्य डिवीजनों व जोनों से गुजरने वाली ट्रेनों पर भी लागू है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में सपा के बाद टीएमसी ने आप पार्टी को समर्थन दिया, केजरीवाल ने कहा- दीदी का आभारी हूं

नई दिल्ली । दिल्ली में विधानसभा चुनाव का रण जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता मतदाताओं को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस बीच दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन देने का फैसला किया है। इसको लेकर दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, टीएमसी ने दिल्ली चुनाव में आप को समर्थन देने की घोषणा की है। मैं व्यक्तिगत रूप से ममता दीदी का आभारी हूं। धन्यवाद दीदी। आपने हमेशा हमारे अच्छे और बुरे समय में हमारा साथ दिया है और आशीर्वाद दिया है। बता दें कि समाजवादी पार्टी (सपा) के आम आदमी पार्टी को समर्थन देने की घोषणा के बाद अरविंद केजरीवाल ने अखिलेश यादव का भी आभार व्यक्त किया था। केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट कहा था, बहुत-बहुत शुक्रिया अखिलेश जी। आपका हमेशा हमें सपोर्ट और साथ रहता है। इसके लिए मैं और दिल्ली की जनता आभारी है। भारतीय निर्वाचन आयोग ने बीते मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों ऐलान किया था। इसे बाद से ही दिल्ली का सियासी पारा हाई चल रहा है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में पांच फरवरी को मतदान होगा और नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। हालांकि, दिल्ली में कौन जीत दर्ज करेगा ये आठ फरवरी को ही पता चल सकेगा।

# पूर्व निगम पार्षद हसीब उल हसन ने समर्थकों के साथ आआपा में की वापसी




नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आआपा) को छोड़कर गए हसीब उल हसन बुधवार को पार्टी में लौट आए। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में पटका और टोपी पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संजय सिंह ने कहा कि हसीब उल हसन और उनके साथियों के आने से गांधी नगर समेत आस पास की विधानसभाओं में भी आआपा को बहुत ताकत मिलेगी। ये लोग गांधीनगर से पार्टी के प्रत्याशी दीपू चौधरी को अपने क्षेत्र से भारी मतों से जिताने का काम करेंगे। संजय सिंह ने आगे कहा कि गांधी नगर से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दीपू चौधरी के प्रयासों से पूर्व निगम पार्षद हसीब उल हसन और उनके साथ सैकड़ों साथी आम आदमी पार्टी मंत शामिल हुए हैं। इससे न सिर्फ गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में बल्कि आस-पास की विधानसभाओं में भी आआपा को बहुत ताकत मिलेगी। मैं हसीब उल हसन के साथ आआपा में शामिल हो रहे डॉ. रईस हाजी मुस्तकीम, अछन प्रधान, नजाकत हुसैन समेत इनके तमाम साथियों का पार्टी में स्वागत करता हूं। मुझे विश्वास है कि आप सब आआपा से जुड़कर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे और दीपू चौधरी को अपने क्षेत्र से भारी मतों से जिताने का काम करेंगे। इस दौरान गांधी नगर से आआपा प्रत्याशी दीपू चौधरी ने कहा कि छोटा भाई नाराज होकर चला गया था और आज एक-डेढ़ साल बाद वापस आ गया है। छोटे भाई को रूठने का हक है तो मनाने और मानने का भी पूरा हक है। आज ये वापस आ गए हैं। मैं समझता हूं कि गांधी नगर विधानसभा का ग्राफ आज और 25 फीसद की मजबूती के साथ बढ़ा है। इसी जोश के साथ हम जीतेंगे। इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद हसीब उल हसन ने कहा कि आज पुन: घर वापसी पर वास्तव में बहुत खुशी हो रही है। मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि रूठा वहां जाता है, जहां सबसे ज्यादा प्यार होता है। शायद मैं इतना ज्यादा प्यार करता था कि मैं रूठा भी उनसे ही ज्यादा लेकिन मुझे खुशी हो रही है कि मैं अपने घर में वापस आ गया।

# स्वाद सीमाओं का मोहताज नहीं, 100 प्रयोगशालाएं खोली जाएंगी - चिराग पासवान

ग्रेटर नोएडा । नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में इंडस फूड 2025 के 8वें संस्करण का उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान व बाबा रामदेव ने किया। तीन दिन के इस आयोजन में 30 देशों के 2,300 से अधिक प्रदर्शक और 7,500 अंतरराष्ट्रीय खरीदार भाग ले रहे हैं। केंद्रीय चिराग पासवान ने कहा कि स्वाद सीमाओं का मोहताज नहीं होता। हम अपने कृषि और खाद्य निर्यात को दुनिया भर में पहुंचाने की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा, खाद्य स्वाद जितनी ही महत्वपूर्ण है। एफएसएसएआई जल्द ही एक विनियामक शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा। खाद्य परीक्षण के लिए प्रयोगशालाएं खोली हैं। 100 नई परीक्षण प्रयोगशालाएं खोली जाएंगी। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में इंडस फूड भारत की सबसे बेहतरीन और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त व्यापार प्रदर्शनियों में से एक के



रूप में उभरा है, जो एफएंडबी क्षेत्र के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार प्रदान करता है। भारत के एफएंडबी निर्यात को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करता है। विकसित होती जीवनशैली और बदलते पारिवारिक स्वरूप के कारण प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की मांग कई गुना बढ़ेगी और यह भविष्य का लक्ष्य है, क्योंकि इसमें वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं। वहीं, बाबा रामदेव ने कहा कि भारत के आहार, विचार और व्यवहार के कारण दुनिया प्यार दे रही है। प्रयागराज में महाकुंभ हो रहा है और ग्रेटर नोएडा में स्वाद का महाकुंभ हो रहा है। इस मौके परटीपीसीआई के चेयरमैन मोहित सिंगला, एपीडा के चेयरमैन अभिषेक देव, बिखाराम चांदमल के एमडी आशीष अग्रवाल, एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स के डायरेक्टर आकाश शाह समेत दुनिया भर से आए विशिष्ट अतिथि, उद्योग जगत के नेता और खरीदार मौजूद रहे।

# गलगोटिया विश्वविद्यालय ने शिक्षा को सशक्त बनाने और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिये सैमसंग C&T के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते पर किये हस्ताक्षर।




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

ग्रेटर नोएडा । यह समझौता सैमसंग C&T की स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत CSR (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के माध्यम से शिक्षा को सशक्त बनाने और कौशल विकास को प्रोत्साहित करते हुए आत्मनिर्भर और कुशल भारत के निर्माण के लिए सरकार के दृष्टिकोण के साथ भी संरेखित है। गलगोटिया विश्वविद्यालय के पॉलिटेक्निक विभाग को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसने NABET (एन ए बी ई टी) के साथ प्रोजेक्ट निर्माण में साझेदारी की है, जिसे सैमसंग C&T द्वारा प्रायोजित किया गया है। इस परिवर्तनकारी पहल को औपचारिक रूप से एक समझौता ज्ञापन (रूश) के माध्यम से लॉन्च किया गया है। जो शिक्षा, कौशल विकास और वित्तीय सहायता के माध्यम से छात्रों को सशक्त बनाने के लिए साझा प्रतिबद्धता को जरेखांकित करता है। इस महत्वपूर्ण समझौते (MoU) की मुख्य विशेषताओं का यदि हम विस्तार से आँकलन करें तो सबसे पहले हम यह बताना चाहते हैं कि छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के माध्यम से मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (लैटरल एंट्री) और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (CSE) डिप्लोमा कार्यक्रमों में नामांकित छात्रों को पूर्ण ट्यूशन फीस की माफी प्रदान की जा रही है। इस कार्यक्रम का लाभ पिछले वर्ष के 32 छात्रों की तुलना में इस वर्ष 47 छात्रों को मिला है, जिससे शिक्षा और भी अधिक सुलभ हो गई है। समझौते के दूसरे बिंदु कौशल-विकास पहल से छात्रों को उद्योग-प्रासंगिक तकनीकी कौशल प्रदान करने के लिए बेसिक और एडवांस्ड ऑटो-कैड में व्यापक प्रशिक्षण के साथ-साथ सैमसंग C&T द्वारा अतिरिक्त मेंटरशिप कार्यक्रम और शैक्षिक संसाधन भी उपलब्ध कराए जाते हैं। जो छात्रों के सीखने के अनुभव को बहुत ही समृद्ध बनाते हैं। इस समझौते का तीसरा बिंदु है सैमसंग C&T का मिशन, जिसके अन्तर्गत सैमसंग C&T समान शैक्षिक अवसरों को बढ़ावा देने और छात्रों के उज्जवल भविष्य को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्तीय सहायता और कौशल विकास के माध्यम से, यह पहल छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में बहुत मदद करती है। यदि हम इस पहल के प्रभावों की विस्तार से बात करें तो सबसे पहले तो कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (CSE) के छात्रों को शामिल करके इस योजना का दायरा बढ़ाया गया है, जिससे छात्रवृत्ति और कौशल निर्माण के अवसरों को अधिक छात्रों तक पहुंचाया जा रहा है। रोज़गार क्षमता में सुधार हुआ है। उन्नत ऑटो-कैड प्रशिक्षण और मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रतिस्पर्धा में आगे रहने, और नौकरी के बाजारों में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार किया जा रहा है। कौशल विकास को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है, यह पहल आत्मनिर्भर और कुशल भारत के निर्माण के लिए केन्द्र सरकार के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। गलगोटिया विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा0 ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि गलगोटिया विश्वविद्यालय के पॉलिटेक्निक विभाग और NABET (एन ए बी ई टी) के बीच प्रोजेक्ट निर्माण के तहत यह सहयोग शैक्षिक समावेशिता और कौशल विकास को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है। सैमसंग C&T द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नई मिसाल कायम कर रहा है। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग छात्रों के लिए विस्तारित समर्थन और बढ़ी हुई छात्रवृत्ति की संख्या के साथ, यह कार्यक्रम यह दर्शाता है कि साझेदारी की शक्ति कैसे जीवन बदल सकती है। और गलगोटिया विश्वविद्यालय इस परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनकर अत्यधिक गौरवान्वित है और छात्रों को उनकी आकांक्षाओं को प्राप्त करने और उज्जवल भविष्य का निर्माण करने में सक्षम बनाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। अत: सशक्त शिक्षा के माध्यम से ही विद्यार्थियों के सशक्त भविष्य का निर्माण हो सकेगा।

